# रोहतक

**बुधवार, 20 अगस्त 2025**

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 200
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 36.4
न्यून. 24.8

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़ोतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,644.39 | 370.64 ▲ |
| निफ्टी | 24,980.65 | 103.70 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,00,420/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,14,000/- | 1000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.99 | 40 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 65.98 बैरल | | 0.93% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## एशिया कप के लिए क्रिकेट टीम का ऐलान, टूर्नामेंट 9 सितंबर से

**मुंबई (एजेंसी)।** एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया। एशिया कप टी-20 के लिए चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने टीम की घोषणा की। टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया है। इस साल भारत क्रिकेट एशिया कप का मेजबान है। यह टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होगा। पाक के भारत में खेलने से इनकार के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई से होगा। खास बात यह है कि टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया है। वहीं, जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई हैं। मोहम्मद सिराज और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह नहीं मिली हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी की उम्मीद थी, लेकिन वे भी बाहर रखे गए। यशस्वी जायसवाल और सुंदर टीम के रिजर्व प्लेयर होंगे। **(पैकेज खेल पेज पर)**



सूर्यकुमार कप्तान, गिल उपकप्तान जायसवाल सुंदर रिजर्व प्लेयर

## टीम इवेंट में मुन, सुरुचि व पलक ने पदक कब्जाया

**शिमकेंट (कजाकिस्तान)।** प्रदेश की तीन बेटियों ने एशियन चैंपियनशिप में एक साथ टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का परचम लहराया है। मनु भाकर, सुरुचि सिंह और पलक की तिकड़ी टीम स्पर्धा में 1730 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही। खास बात यह है कि तीनों ही बेटियां झज्जर की रहने वाली हैं। इसके अलावा मनु ने मनु भाकर ने मंगलवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के इंडिविजुअल में कांस्य पदक जीता है। वहीं, दिल्ली की निशानेबाज रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया।

# एशियाई चैंपियनशिप : मनु समेत झज्जर की तीन बेटियों ने टीम स्पर्धा में जीता कांस्य, जूनियर में दिल्ली की रश्मिका को गोल्ड

### कजाकिस्तान में मनु को 10 मीटर एयर पिस्टल में भी कांस्य पदक भारत ने अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते





भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला।



### रश्मिका का कमाल

रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। यह रश्मिका (क्वालिफिकेशन स्कोर 582) के लिए दोहरी सफलता थी क्योंकि उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालीफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### भारत को अब तक पांच गोल्ड

भारत की अन्य खिलाड़ियों में इस प्रतियोगिता में केवल रैंकिंग अंकों के लिए भाग ले रही ईशा सिंह 577 अंकों के साथ नौवें, सुरुचि सिंह 574 अंकों के साथ 12वें, पलक 573 अंकों के साथ 17वें और सुरभि राव 570 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहीं। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं।

## अंदर के पन्नों पर


- यमुना में 58 हजार क्यूसेक पानी बह रहा, तटबंध टूटे — पेज-3
- संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन सांसदों ने लगाए वोट चोरी के नारे — पेज-5
- मुंबई में भारी बारिश, 14 लोगों की मौत, ट्रेनें प्रभावित — पेज-8


## खबर संक्षेप

### शारदा विवि प्रशासन पर उकसाने का केस दर्ज

**नोएडा (उप्र)।** बीटेक पाठ्यक्रम के एक छात्र के छात्रावास में आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने शारदा विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मृत छात्र के पिता ने विश्वविद्यालय के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भाषा

### कश्मीर में दो आतंकियों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और बारामूला में दो सक्रिय आतंकवादियों की संपत्तियां मंगलवार को कुर्क की गईं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग में पुलिस ने सक्रिय आतंकवादी आदिल हुसैन ठोकर की जमीन कुर्क की जबकि वर्तमान में सीमा पार से सक्रिय आतंकवादी आसिफ मकबूल डार के उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित एक बाग को कुर्क किया गया। भाषा

### 30 सितंबर तक कपास का शुल्क-मुक्त आयात

**नई दिल्ली।** सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए प्रमुख कच्चे माल की उपलब्धता सुधारने के मकसद से 30 सितंबर तक कच्चे कपास के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी है। इससे अमेरिका को फायदा होगा। कपास पर अब तक कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर के साथ 11% का आयात शुल्क लगता रहा है। वित्त मंत्रालय की 18 अगस्त की अधिसूचना के अनुसार, शुल्क छूट 19 अगस्त से प्रभावी होगी और 30 सितंबर तक लागू रहेगी। भाषा

## भिवानी शिक्षिका मौत मामला : कमेटी के फैसले से पलटा पीड़ित परिवार

# ग्रामीणों का पक्के मोर्चे का ऐलान, जब तक न्याय नहीं मिलेगा अंतिम संस्कार नहीं करेंगे



### रोहतक के आईजी बोले अफवाह न फैलाएं

- अब ढिगावा की बजाए ढाणी लक्ष्मण में भी ग्रामीण धरने पर बैठे, दिनभर पल-पल बदलता रहा गांव का माहौल
- दो जिलों में इंटरनेट सेवा अगले आदेशों तक बंद, जांच पूरी तरह वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से हुई
- भिवानी में ग्रामीणों की पंचायत, बोले- इंसाफ मिलने तक डटे रहेंगे
- भारी पुलिस बल तैनात, हर रास्ते पर नजर

*» मनीषा के पिता से कहा, पूरा गांव आपके साथ, दबाव में न आएं*

*» फिर धरने पर बैठे लोग, मामले की सीबीआई जांच और एम्स में दोबारा पोस्टमार्टम की मांग*

**लोहारू (भिवानी) (हरिभूमि न्यूज)।** भिवानी में महिला शिक्षिका मनीषा की मौत के मामले में मंगलवार को नया मोड़ आ गया। कमेटी के फैसले से पीड़ित परिवार पलट गया। इसके बाद ग्रामीणों ने बुधवार से पक्के मोर्चे का ऐलान कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, गांव की बेटी का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। ग्रामीणों के आरोप हैं कि पुलिस इस मामले में लीपापोती कर है। अब जब तक कातिल नहीं पकड़े जाांएगे उनका धरना जारी रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश के कई जिलों में लोगों ने धरना और जलूस निकालने शुरू कर दिए हैं। दूसरी तरफ, किसी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए प्रशासन ने ढिगावा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। दो जिलों भिवानी और चरखी दादरी में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 48 घंटे के लिए रोक दी गई हैं। उधर, रोहतक रेंज के आईजी वाई पूरण कुमार ने कहा कि केस की जांच पूरी तरह वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से हुई है। इस संवेदनशील मामले को जिम्मेदारी से लें। अफवाहें या फेक न्यूज न फैलाएं। दरअसल, सोमवार रात करीब साढ़े 12 बजे के मृतका मनीषा के पिता संजय व कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने प्रशासन की मौजूदगी में चिकित्सकों द्वारा दी गई रिपोर्ट पर सहमति एवं संतोष जताया। मृतका के परिजनों ने मंगलवार को अंतिम संस्कार करने की हामी भर ली, लेकिन जब संजय गांव में पहुंचा तो ग्रामीणों के सवालों का सामना करना पड़ा। उसके बाद वह अपने बयान से पलट गया और कहा कि कमेटी के दबाव में फैसला किया गया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ गांव में धरने पर बैठ गया।



### पुलिस ने सोमवार को यह किया था खुलासा

**पहला :** मनीषा के शरीर में जहरीला पदार्थ मिला है, जो उसने खाद-बीज की दुकान से खरीदी गई दवा के रूप में लिया था। इससे यह संदेह गहरा हो गया है कि मनीषा ने आत्महत्या की है।

**दूसरा :** पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि मनीषा की मौत के बाद उसके शरीर को किसी जानवर ने काटा है।

**तीसरा :** रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि मनीषा के शरीर पर किसी प्रकार का केमिकल नहीं डाला गया।

**चौथा :** सबसे अहम खुलासा यह हुआ है कि मनीषा के साथ दुष्कर्म होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं।

**पांचवा :** मनीषा के सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग भी मैच हो गई है।

### क्या कहते हैं एसडीएम

लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि चिकित्सकों की रिपोर्ट को समझने के लिए कमेटी के सदस्य व मृतक के परिजनों को साथ ले गए थे। चिकित्सकों से अच्छी तरह से बात हुई। चिकित्सकों ने परिजनों व कमेटी के समक्ष रिपोर्ट की पूरी जानकारी शेयर की। चिकित्सकों ने बताया कि उसके शरीर में जहर मिला है। मुंह पर किसी जंगली जानकारी के काटे जाने की बात सामने आई। लेटर मिला, उसकी भी जांच की गई। वह भी मनीषा का ही था। बेटी के साथ किसी तरह का कोई रेप का मामला नहीं मिला।

### पूरा गांव छावनी में तब्दील

ग्रामीणों की चेतावनी के बाद प्रशासन ने ढिगावा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। ढाणी लक्ष्मण में भी गश्त बढ़ा दी है। मृतका शिक्षिका के पिता और दादा के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण ढाणी लक्ष्मण में जमा हो गए। इससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। कस्बे को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। हालांकि रोडवेज व अन्य वाहनों के आवागमन आराम से होता रहा।

### पत्रकार वार्ता में यह कहा था पिता ने

कमेटी के सदस्य और परिजनों की प्रशासन ने पत्रकार वार्ता करवाई थी। मृतका के पिता संजय ने कहा था कि जो कमेटी ने फैसला किया है। वह सारे समाज को देखकर लिया है। कमेटी का फैसला है कि हम बेटी का अंतिम संस्कार से हिंदू रीति रिवाज व सम्मान के साथ करेंगे और प्रशासन अपने काम में लगा हुआ है। हम प्रशासन के काम से संतुष्ट है। जनता से अपील करना चाहुंगा कि जो कमेटी ने फैसला किया है सब उसके साथ चलें।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, राष्ट्रपति ने सलाह मांगी तो क्या दिक्कत

- राष्ट्रपति राज्यपाल के फैसलों की डेडलाइन का मामला
- केंद्र ने कहा, अदालत ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को आम प्रशासनिक अधिकारी की तरह देखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने पूछा, 'जब खुद माननीय राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट से राय मांग रही हैं तो इसमें दिक्कत क्या है? क्या आप वाकई आप इस आपत्ति को लेकर गंभर हैं और इसे चुनौती देना चाहते हैं। बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मामले में सलाहकारी अधिकार-क्षेत्र में बैठी है, यानी अभी यह कोई अंतिम आदेश नहीं, बल्कि केवल राय देने की प्रक्रिया है।

### क्या संविधान दोबारा लिख सकती है अदालत

केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने सुप्रीम कोर्ट के अप्रैल 2025 वाले फैसले पर कहा कि क्या अदालत संविधान को फिर से लिख सकती है? कोर्ट ने गवर्नर और राष्ट्रपति को आम प्रशासनिक अधिकारी की तरह देखा, जबकि वे संवैधानिक पद हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'संविधान सभा ने जानबूझकर गवर्नर और राष्ट्रपति के लिए कोई समय सीमा नहीं रखी थी।

## देश में 24% महिलाएं और 23% पुरुष मोटापे से ग्रस्त

**नई दिल्ली (भाषा)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के अनुसार, देश में 24% महिलाएं, 23%पुरुष और तीन प्रतिशत बच्चे अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। जाधव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह भी बताया कि अस्वास्थ्यकर खानपान, गतिहीन जीवनशैली और पर्यावरणीय कारक मोटापे के बढ़ते मामलों के प्रमुख कारण हैं। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत में वृद्धि, शारीरिक गतिविधियों में कमी और जीवनशैली में बदलाव ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों पर असर पड़ा है।

स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री जाधव ने राज्यसभा में दी जानकारी

## पूर्व जस्टिस रेड्डी बने विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार हैं। वह हैदराबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय माध्यस्थम्‌ एवं मध्यस्थता केंद्र के न्यासी बोर्ड के सदस्य भी हैं। रेड्डी मंगलवार शाम को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचेंगे व विभिन्न विपक्षी नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। संयुक्त विपक्ष की बुधवार दोपहर 'संविधान सदन' (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में एक बैठक होगी।



राजग के सीपी राधाकृष्णनन से होगा मुकाबला

## अब देश में अपराध होगी ऑनलाइन सट्टेबाजी

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश में ऑनलाइन सट्टेबाजी अब दंडनीय अपराध बन गई है। दरअसल, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऑनलाइन गेमिंग बिल को मंजूरी दे दी है, जिससे ऑनलाइन सट्टेबाजी दंडनीय अपराध हो जाएगी। इस बिल को 20 अगस्त को लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। यह बिल ऐसे समय में पास हुआ है जब इसपर जांच एजेंसियां भी सख्त हैं। एजेंसियां ऐसे एप्लीकेशनों को बढ़ावा देने वाली मशहूर हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई बढ़ा रही हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन से संबंधित एक विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले मंच पर प्रतिबंध लगा सकती है।

कैबिनेट में विधेयक मंजूर

ऑनलाइन गेमिंग मंच प्रतिबंध के तैयारी

## सरकार को नोटिस जारी, 23 सितंबर तक देना होगा जवाब

*जींद निवासी ने की नई नीति को रद्द करने की मांग, 35,500 एकड़ भूमि अधिग्रहण का मामला*

# प्रदेश की नई भूमि अधिग्रहण नीति को चुनौती, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हरियाणा सरकार की विकास परियोजनाओं के लिए सरकारी विभागों को स्वेच्छा से दी गई भूमि खरीद की नीति-2025 को चुनौती दी गई है। इस मामले में हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह नीति 9 जुलाई, 2025 को अधिसूचित की गई थी। जींद के अलेवा गांव निवासी किसान सुरेश कुमार ने याचिका दायर कर इस नीति को रद्द करने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह नीति किसानों के हितों के खिलाफ है और इसमें पारदर्शिता की कमी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित नई नीति द राइट टू फेयर कंपनसेशन एंड ट्रांसपेरेंसी इन लैंड एक्विजिशन, रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटलमेंट एक्ट, 2013 के अनिवार्य परविधान को दरकिनार करती है। यह नीति संविधान के तहत मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। हाईकोर्ट के जस्टिस अनुपेंद्र सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की बेंच ने हरियाणा सरकार को इस मामले में 23 सितम्बर के लिए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

### कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन

याचिका के अनुसार, इस नीति के तहत सरकार हरियाणा में विकास कार्यों के लिए 35,500 एकड़ उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण करने का प्रस्ताव रखती है। इस नीति के तहत, सरकार ने भूमि मालिकों से सीधे खरीद के लिए ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। नीति के आलोचकों का कहना है कि यह भूमि अधिग्रहण के लिए स्थापित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है।

### बिचौलियों की भूमिका उजागर

याचिकाकर्ता ने कहा कि नई नीति में भूमि के लिए अधिकतम मुआवजे की दर कलेक्टर रेट के तीन गुना तक तय की गई है। यह लैंड एक्विजिशन, रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटलमेंट एक्ट 2013 के परविधान से काफी कम है। 'एग्रीगेटर्स' या बिचौलियों की भूमिका को भी उजागर किया गया है। नीति के अनुसार, ये बिचौलिए 1 प्रतिशत सुविधा शुल्क के हकदार होंगे। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया है कि इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा और एक ही क्षेत्र में अलग-अलग भू-मालिकों को अलग-अलग मुआवजा मिल सकता है। यह नीति किसानों को भूखंडों के गैर-मौद्रिक आवंटन के साथ छोड़ देती है, जिससे उन्हें पुनर्वास या आजीविका सहायता के लिए कोई स्पष्ट तंत्र नहीं मिलता है।

## वार्ता — चिनफिंग के संदेश के साथ प्रधानमंत्री को एससीओ सम्मेलन का निमंत्रण पत्र सौंपा

*चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने की पीएम मोदी से मुलाकात भारत ने रचनात्मक संबंधों की प्रतिबद्धता दोहराई*

# सीमा विवाद हल करने को कमेटी बनाएंगे भारत को उर्वरक व दुर्लभ खनिज देगा चीन

**नई दिल्ली (भाषा/ब्यूरो)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के दौरान चीन के साथ सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। सीमा संबंधी मुद्दों के निष्पक्ष, उचित व पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। भारत-चीन ने सीमा विवाद हल करने के लिए विशेषज्ञ कमेटी बनाने का फैसला किया है। यी ने पीएम मोदी और एनएसए अजित डोभाल से मुलाकात की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। वहीं, यी के दौरे के दौरान चीन भारत को उर्वरक, दुर्लभ मृदा खनिज व टन बोरिंग मशीन देने को तैयार हो गया है। चीन ने जुलाई में इस पर रोक लगा दी थी।



### पीएम ने साझा की मुलाकात की तस्वीरें

पीएम ने एक्स पोस्ट में कुछ तस्वीरों के साथ चीन के विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। पिछले साल 2024 में कजान (रूस का शहर) में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई मेरी मुलाकात के बाद से दोनों देशों के संबंधों में आपसी हितों और संवेदनशीलता के सम्मान के सिद्धांत के तहत निरंतर प्रगति हुई है। *(संबंधित पेज 8 पर)*

### तियानजिन में शी से मिलेंगे मोदी

अमेरिका के साथ पारस्परिक टैरिफ के मुद्दे पर बने हुए तनाव के बीच भारत ने आधिकारिक रूप से यह घोषणा की है कि पीएम नरेंद्र 31 अगस्त से 1 सितंबर तक तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे। इसके लिए यी ने शी के संदेश के साथ मोदी को निमंत्रण पत्र सौंपा। इसके बाद मोदी ने कहा कि चीन के शहर तियानजिन में शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने के लिए उत्सुक हूं।

## खबर संक्षेप

### रोहतक, कुरुक्षेत्र और नहूं के डीसी बदले

**चंडीगढ़।** तीन आईएएस अफसरों के तबादले और पोस्टिंग के आदेश राज्य सरकार मुख्य सचिव आफिस की ओर से किए गए हैं। इस क्रम में सचिन गुप्ता को रोहतक और अखिल पिलानी नूंह के अलावा विश्राम मीणा कुरुक्षेत्र के जिला उपायुक्त लगाए गए हैं।

### सटीक मतदाता सूची बनाने में करें सहयोग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, ए. श्रीनिवास ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कहा कि सभी दल सटीक मतदाता सूची बनाने में सहयोग करें। बिहार राज्य की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 1 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक किया गया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना है। ए. श्रीनिवास ने बताया कि अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से प्रारूप सूची पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है। हालांकि अब तक मतदाताओं से कुल 45,616 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।

### अंतिम छह महीनों में कर्मचारी को न दें जीपीएफ एडवांस की स्वीकृति

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी प्रशासकीय सचिवों को निर्देश दिए हैं कि सेवानिवृत्ति से पहले, अंतिम छह महीनों की सेवा अवधि में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को जीपीएफ अग्रिम (एडवांस) की स्वीकृति न दी जाए। ये निर्देश सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) से संबंधित प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से जारी किए गए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा इस सम्बन्ध में जारी एक पत्र में कहा गया है कि कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि से पूर्व 12 महीनों में स्वीकृत किए गए अग्रिम या निकासी की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रपत्रों में दर्ज और प्रशासनिक विभाग द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए।

### शिक्षा मंत्री से हुई मिड डे मील यूनियन ने की वार्ता

**चंडीगढ़।** मिड डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा (सीटू) के शिष्टमंडल की शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से सचिवालय में मांगों एवं समस्याओं को लेकर बातचीत हुई। गौरतलब है कि 3 अगस्त को मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) के नेतृत्व में प्रदेश भर से हजारों मिड डे मील वर्कर्स पानीपत पहुंची थी। उन्होंने अपनी मांगों और समस्याओं के लिए शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के कार्यालय का घेराव किया था। मंत्री ने 19 अगस्त को पुनः यूनियन को बातचीत के लिए चंडीगढ़ में वार्ता के लिए आमंत्रित किया था।

### अस्पतालों में स्टाफ और दवाइयों का टोटा : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश में मेडिकल स्टाफ की कमी पर चिंता जाहिर की है।
उन्होंने कहा कि अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर व विशेषज्ञों के अलावा अन्य स्टाफ का भी भारी टोटा है। एएनएम यानी बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ माना जाता है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रदेश में उनके करीब 1300 पद खाली पड़े हुए हैं। विभाग में महिलाओं के कुल 2734 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से 2137 पद ही भरे गए हैं। जबकि 597 पद खाली पड़े हुए हैं।

### नशे की दलदल में फंस रहा सिरसा : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कि सिरसा जिला नशा का हब बनता जा रहा है जहां पर हर प्रकार के नशे की आपूर्ति हो रही है, यही वजह है कि सिरसा नशे की गहरी दलदल में फंसता जा रहा है। दूसरी ओर गांव-गांव और छोटे कस्बों तक मेडिकल स्टोर्स पर टैपेंटाडोल, प्रेगाबेलिन और सिग्नेचर कैप्सूल जैसी खतरनाक नशीली गोलियां खुलेआम बिक रही हैं। सांसद सैलजा ने कहा है कि पहले हैरोइन, स्मैक, अफीम, चूरापोस्त का नशा सबसे ज्यादा होता था और आज भी हो रहा है।

# सरकार का प्रयास, विकास का लाभ हर वर्ग को मिले : कैप्टन अभिमन्यु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि देश और प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का मौका भाजपा को मिला है, हमारा प्रयास है कि सरकार के विकास के कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे उसके लिए हमेशा तैयार रहते हैं। कानून व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे प्रश्नों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार प्रदेश की कानून व्यवस्था को ठीक करने के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साफ कर चुके हैं कि अपराधियों पर सरकार द्वारा काफी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी अध्यक्षों के साथ, पूर्व विधायक और मंत्रियों के साथ बैठक की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार लगातार विकास कार्य करवा रही है।

**पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा**

- मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर को ठीक करने के लिए काम कर रहे
- भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन लगातार हो रहा मजबूत

### सैनी के स्वभाव ने जनता का दिल जीता



*कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि हर जिले में जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई है। पिछले दिनों तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में युवा वर्ग ने हिस्सा लिया था। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर से सेवा पखवाड़ा मनाने का फैसला लिया गया है। बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वभाव हरियाणा की जनता का दिल जीत चुका है।*

### विपक्ष को जनता नकार चुकी

*सरकार के कार्यकर्ताओं का काम है कि वे लोगों का काम करवाएं। भाजपा एक बड़ा संगठन है, हम निरंतर आगे मजबूती के लिए काम करते रहे हैं, आने वाले वक्त के लिए रणनीति बना रहे हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा लगातार सवाल खड़े करने को लेकर कहा कि विपक्ष अपना काम कर रहा है, अगर जनता उन पर विश्वास करती, तो भाजपा को तीसरा बार काम करने का मौका क्यों देती, उनकी क्षेत्रवाद, जातिवाद और भाई भतीजावाद की नीतियों का खुलासाहो चुका है, इसलिए जनता उन्हें नकार चुकी है।*

### राज्यपाल प्रो. घोष ने जींद में की प्रशासनिक बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने जींद जिले में दो दिवसीय दौरे के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की और विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फीडबैक लिया।

### सीएम आवास पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने ली लगातार तीन बैठक

# भाजपा ने शुरू की 2029 के चुनाव की तैयारी योजनाओं और जनसंपर्क की रूपरेखा तैयार

- मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव, संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्रियों की मौजूदगी में बनाई रणनीति
- विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं 2029 में भाजपा की और भी बड़ी जीत होगी : नायब सैनी
- पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा, कार्यकर्ता चलाएंगे अभियान : बड़ौली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय जनता पार्टी ने 2029 के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर मंगलवार को सीएम आवास पर तीन महत्वपूर्ण बैठकें हुई। मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने पहली बैठक प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारियों के साथ की और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करने के साथ-साथ अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की।

इसके बाद दूसरी बैठक विधानसभा 2024 के चुनाव लड़ चुके उन 42 प्रत्याशियों के साथ हुई जो चुनाव हार गए थे। बैठक में इन नेताओं के साथ मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने विधानसभा में पार्टी को और मजबूत किए जाने पर जोर दिया। इन बैठकों में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने बेहतर काम के लिए पदाधिकारियों की पीठ भी थपथपाई। राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया की उपस्थिति में आगामी जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा भी तैयार की गई।



**वोट प्रतिशत 50 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य**

विधानसभा चुनाव 2024 में चुनाव लड़ चुके 42 प्रत्याशियों को होमवर्क में दिया गया और भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस करने को कहा गया। विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा को 39.94 फीसदी वोट मिले थे। भाजपा का लक्ष्य 2029 के विधानसभा चुनाव तक इसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत से अधिक करना है।बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने व आगामी रणनीति को लेकर उपस्थित सभी पदाधिकारियों में नई दिशा एवं ऊर्जा का संचार किया।



**एमएसपी बढ़ाकर दिया, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग को सरकारी योजनाओं से जोड़ा है। हमने न केवल हर फसल पर एमएसपी दी, बल्कि हम एमएसपी बढ़ाकर भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर हमारी सरकार ने अंकुश लगाया है। स्वयं सहायता समूहों को भी बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित पदाधिकारियों को कहा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं और सरकार की उपलब्धियां भी गिनाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

**तीन गुणा तेज गति से काम करें**

बैठक में बेहतर फीडबैक के विश्वास से भरे मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से बातचीत में विश्वास जताया कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से 2029 में भी और बड़ी ऐतिहासिक जीत होगी। कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं से देश और प्रदेश की जनता खुश है। टीम हरियाणा तीन गुणा गति से काम करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को सार्थक करने में जुटी है।

**12 मंत्री, 30 विधायक प्रभारी बनाए**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आज की बैठक में आगामी योजनाओं और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार की गई है। सरकार और संगठन से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा हुई है। शबड़ौली ने कहा कि 42 विधानसभाओं में 12 मंत्रियों और 30 विधायकों को प्रभारी नियुक्त किया गया है। चुनाव लड़ चुके 42 प्रत्याशी बेहतर तालमेल के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे।

**अभियान चलाए जाएंगे**

बैठक में बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा होगा। कार्यकर्ता धार्मिक एवं शहीदों के स्थलों पर साफ-सफाई करेंगे। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पूरे प्रदेश में मनाई जाएगी। वोकल फॉर लोकल और संगठन की मजबूती को लेकर भी अभियान चलेंगे। दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर खादी अभियान चलाया जाएगा।

# विस के मानसून सत्र की तैयारी पूरी, प्रश्नकाल का ड्रा निकाला



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के 22 अगस्त से शुरू होने वाले मानसून सत्र की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इस सिलसिले में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में लिए गए निर्णयों से विधान सभा सचिवालय ने सभी विधायकों और मंत्रियों को अवगत करवा दिया है। इसके साथ ही सत्र की 3 बैठकों के प्रश्नकाल के लिए ड्रा निकाल लिए गए हैं। इसके लिए कुल 60 विधायकों के प्रश्नों को सूचीबद्ध किया गया है।

विधान सभा की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विधान भवन में मोबाइल फोन के प्रयोग की अनुमति नहीं रहेगी। विधायकों को भेजे गए दिशा-निर्देश में कहा गया है कि वे अपना फोन सुरक्षा अधिकारियों के पास जमा करवा दें या उसे साइलेंट मॉड पर रखें। सुरक्षा प्रबंधों के मद्देनजर तय किया गया है कि पूर्व स्थापित संसदीय प्रथाओं के अनुसार कोई बैग, ब्रीफकेस अथवा कोई सामग्री चैम्बर में न लेकर आएं। इस प्रकार का सामान विधान भवन के प्रवेश द्वार पर जमा करवाने का आग्रह किया गया है। विधायक दर्शक दीर्घा के लिए प्रतिदिन एक ही व्यक्ति का प्रवेश पास बनवा सकेंगे। इसके लिए उन्हें अपने अतिथियों के पूरे विवरण के साथ निर्धारित फार्म विधान सभा सचिवालय को एक दिन पूर्व भेजना होगा।

**मेहमानों का एंट्री पास जरूरी**

विधायकों से यह भी प्रार्थना की गई है कि वे अपने किसी भी मेहमान को उचित प्रवेश-पत्र के बिना वाहनों में न लाएं। विधान भवन में प्रवेश से पहले बेरीकेड पर ऐसे सभी व्यक्तियों की जांच की जाएगी। किसी भी आग्नेयस्त्र तथा शस्त्र को विधान भवन में लेकर आने की अनुमति नहीं रहेगी। विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के गनमैन और माननीय मुख्यमंत्री के पी.एस.ओ. को छोड़कर किसी भी गनमैन को विधान भवन में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

# हाईकोर्ट का फैसला : विभागीय परीक्षा न कराने पर कर्मियों से नहीं छीने जा सकते सेवा के लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि यदि सरकार या विभाग समय पर अनिवार्य विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं करता या कर्मचारियों को उसकी सूचना नहीं देता, तो इसका खामियाजा कर्मचारियों को नहीं भुगतना पड़ेगा। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने कहा कि प्रशासनिक या तकनीकी लापरवाही के कारण किसी कर्मचारी को आर्थिक और सेवा संबंधी लाभों से वंचित करना न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है। हाई कोर्ट के जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने यह आदेश रेवाड़ी निवासी चंद्र प्रकाश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया। प्रकाश ने अपने तीसरे वित्तीय उन्नति से वंचित किए जाने को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता अगस्त 1973 में सहायक लाइनमैन नियुक्त हुआ और जुलाई 1976 में नियमित सेवा पर आ गए। अक्टूबर 1993 में वे लाइनमैन बने और 30 जून 2008 को सेवानिवृत्त हुए। 2013 में उनकी तीसरी वित्तीय उन्नति का दावा यह कहकर खारिज कर दिया गया कि उन्होंने सेफ्टी कोड टेस्ट पास नहीं किया। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि न तो उन्हें इस परीक्षा की तिथि की जानकारी दी गई और न ही व्यक्तिगत रूप से सूचित किया गया। यह परविधान 27 फरवरी 2009 के परिपत्र के जरिए लागू हुआ था, जबकि याचिकाकर्ता 2008 में रिटायर हो चुके थे। जस्टिस बराड़ ने कहा कि यह नियम कर्मचारियों को उनके करियर में ठहराव से बचाने और उन्हें प्रमोशन न मिलने की स्थिति में वित्तीय लाभ देने के लिए बनाया गया था। ऐसे में विभाग की लापरवाही का भार कर्मचारियों पर डालना अन्यायपूर्ण है।

कर्मचारियों को उस गलती की सजा नहीं दी जा सकती जो विभाग या नियोक्ता की ओर से हुई हो। हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को तीसरी वित्तीय उन्नति सहित सभी सेवा लाभ तीन माह के भीतर दिए जाएं। देरी की स्थिति में सरकार को 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा।

### चुनाव आयोग पर उंगली उठाने से पहले गिरेबां में झांके कांग्रेस : डॉ. शर्मा

**चंडीगढ।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित कार्यालय में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता के चुनाव आयोग पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आज वे लोग चुनाव आयोग पर अंगुली उठा रहे हैं, जिन्होंने हमेशा धींगामस्ती व दबाव की राजनीति करते हुए चुनाव जीता। कांग्रेस के अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने हरियाणा में पांच सीटें जीती तो उन्हें चुनाव आयोग और ईवीएम अच्छे लगे, लेकिन विधानसभा चुनाव का नतीजा आया तो सवाल उठाने शुरू कर दिए।

# किसानों की जमीन हड़पने को योजना लेकर आई भाजपा सरकार : अनुराग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा की हरियाणा सरकार पर जमकर हमला बोला साथ ही कहा कि किसानों की जमीन हड़पने के लिए लाई गई लैंड पूलिंग पॉलिसी को सरकार तुरंत वापस ले। इसके अलावा पिछले दो साल का लैंड रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग भी उन्होंने भाजपा सरकार से की है। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री अनिल विज पर भी हमला बोला है, जिसमें कहा कि 2011 में अंबाला में आईएमटी योजना आई तो विज धरने पर बैठे थे, अब कहां हैं? उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर विपक्ष की भूमिका निभाने की ज़िम्मेदारी है लेकिन वे भाजपा के बड़े नेताओं के साथ में दोस्ती की बात स्वीकार करते हुए रिश्ते निभाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा से मिले हुए भूपेंद्र हुड्डा क्यों खामोश हैं?

**दलालों को मिलेगा इनाम**



ढांडा ने कहा कि जो दलाल सर्कल रेट पर जमीन खरीदवाने में मदद करेंगे उन्हें सरकार की ओर से 3000 प्रति एकड़ का इनाम मिलेगा। यानी सरकार दलालों को बाकायदा प्रोत्साहित कर रही है कि वे किसानों से जबरन सस्ती जमीन खरीदें। जो किसान अधिक मूल्य मांगेंगे, उनके प्रस्ताव सरकार की कमेटी द्वारा खारिज कर दिए जाएंगे।

### समय सीमा में जिला अस्पतालों की मरम्मत पूरी की जाए

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने आज राज्य में जिला अस्पतालों के अपग्रेडेशन और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इसके अलावा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोक निर्माण (भवन) विभाग के मुख्य अभियंता ने कार्यों की गति और गुणवत्ता की समीक्षा की। बैठकों के दौरान, निर्देश दिए गए कि जिला अस्पतालों में मरम्मत और रखरखाव कार्यों को 15 सितंबर, 2025 तक हर हाल में पूरा किया जाए।

**सभी पुलिस थानों और चौकियों में प्राधिकरण के नंबर और जानकारी जारी**

# हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण में शुरू हुई सुनवाई, चेयरमैन सप्ताह में दो दिन सुनेंगे शिकायतें

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण में गत सप्ताह कमान संभालने के बाद में डीजी रैंक अधिकारी (सेवानिवृत्त) डॉ. आरसी मिश्रा ने शिकायतों में सुनवाई की शुरुआत कर दी है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण में आने वाले पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से न्याय मिले, उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आईपीएस की बतौर चेयरमैन नियुक्ति पर भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि इसका पीड़ित लोगों को इसका फायदा मिलेगा, क्योंकि उन्होंने तीन दशक से ज्यादा वक्त काम किया है। मिश्रा ने साफ कर दिया है कि पीड़ित को सही समय पर न्याय मिले और बिना वजह की शिकायतों से बचा जा सके इस दिशा में कदम उठा रहे हैं। डॉ. आरसी मिश्रा ने मंगलवार को बातचीत के दौरान कहा कि अथॉरिटी के लंबित मामलों में उन्होंने सप्ताह में दो दिन सुनवाई के निर्धारित कर दिए हैं। शिकायतों के अनुसार दिन तय किए जाएंगे। डॉ. आरसी मिश्रा ने कहा कि क्योंकि उन्होंने 35 साल पुलिस में काम किया है, तो उस अनुभव का फायदा यहां पर मिलेगा। पुलिस के विरुद्ध आने वाली शिकायतों पर पीड़ित को समयबद्ध तरीके से न्याय मिले उनका यह प्रयास होगा। मिश्रा ने कहा कि दो सौ के करीब मामलों को यहां से जिन जिलों से भेजा था, वापस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि यह उस तरह के मामले है, जो पुलिस प्राधिकरण के विशेषाधिकार में नहीं आते। डॉ. आरसी मिश्रा ने कहा कि फिलहाल, अथॉरिटी के पास में एक सदस्य हैं, एक अन्य सदस्य की नियुक्ति होनी है। फिलहाल, सदस्य पूर्व आईएएस ललित सिवाच ने भी कार्यभार संभाल लिया है। राज्य सरकार की ओर से फिलहाल, नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है।

**हर स्तर के अफसर के विरुद्ध होगी सुनवाई**



डॉ. आरसी मिश्रा

*अथॉरिटी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आने वाले शिकायतों पर सुनवाई करती है। अब क्योंकि यहां पर डीजी रैंक के पुलिस अफसर डॉ. आरसी मिश्रा की नियुक्ति की गई है, इसलिए आने वाले दिनों में डीएसपी और उसके ऊपर भी जांच पड़ताल हो सकेगी। यहां पर यह भी बता दें कि पुलिस के खिलाफ दुष्कर्म या दुष्कर्म की कोशिश, पुलिस हिरासत में मृत्यु, गंभीर चोट, बिना कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में रखना, जबरदस्ती वसूली करना, किसी की जायदाद को हड़पना, पुलिस कर्मचारी का संगठित अपराध में शामिल होना जैसे मामलों पर सुनवाई होगी।*

**महिला सदस्य नियुक्त होगी**

डॉ. आरसी मिश्रा ने जिलों में जन जागरण मुहिम चलाने के संकेत दिए हैं। इसके साथ ही सभी जिलों में पुलिस शिकायत प्राधिकरण की विंग हो, इस दिशा में भी राज्य सरकार के आला अफसरों से विचार मंथन करेंगे। प्राधिकरण में जल्द ही महिला सदस्य की नियुक्ति कर दिए जाने की दिशा में कदम उठाने का काम करेंगे।


**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV ए) (नियम 8 (6))**

प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात ''एक्ट'') के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- **''प्रथम तल, एससीएफ 40, रेड क्रॉस मार्केट, रेलवे रोड, हिसार, हरियाणा-385001''** के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु ''जैसा है जहां है आधार, जो है जहां है आधार और बिना अवलम्ब आधार'' पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| श्री परवीन श्रीमती रेशमा (प्रोस्पेक्ट नं. IL10698345) | 16/08/2024 रू. 611231 (रुपये छह लाख ग्यारह हजार दो सौ इकत्तीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव बाल जाट्टान, तहसील मडलौडा, जिला पानीपत, हरियाणा, भारत 132113 में स्थित खेवट नं. 615, खतौनी नं. 661, खसरा नं. 171//37/25, किता नं. 01 में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 810.00, 1503.00, 1202.00. | 07/11/2024 | रू. 850000/- (रुपये आठ लाख पचास हजार केवल) |
| | बोली बढ़ोतरी राशि रू. 20000/- (रुपये बीस हजार केवल) | | दिनांक के अनुसार कुल बकाया रू. 781154/- (रुपये सात लाख इक्यासी हजार एक सौ चव्वन केवल) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 85000/- (रुपये पचासी हजार केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
| --- | --- | --- |
| 02.09.2025 1100 बजे - 1400 बजे | 04.09.2025 अप. 5.00 बजे तक | 08.09.2025 1100 बजे-1300 बजे |

**भुगतान का मोड :-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं। **बकाया भुगतान हेतु - लॉगइन करें** https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount
**महत्वपूर्ण जानकारी :** यह नीलामी सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत कब्जा आधार पर प्रकाशित की गई है। भौतिक कब्जा सरफेसी अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा-14 आदेश को प्राप्त करने के बाद प्रस्तावित किया जाएगा और जैसे और जब भौतिक कब्जा लिया जाएगा। बोलीदाता को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व दस्तावेजों और कानूनी बाध्यताताओं के सम्बन्ध में आवश्यक सम्यक तत्परता दिखानी होगी।

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना ''निविदा प्रपत्र'' जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम ''बोली बढ़ोतरी राशि'' के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ें।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499**
8. **सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।**
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वह निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : पानीपत, दिनांक: 20 अगस्त 2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

**खबर संक्षेप**

### नारेडको अधिवेशन में एनसीआर के शहरों पर होगा फोकस

**गुरुग्राम।** नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) का हरियाणा चैप्टर नई दिल्ली में 29-30 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले नारेडको नेशनल के 17वें राष्ट्रीय अधिवेशन की घोषणा कर रहा है। यह अधिवेशन भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सहयोग से होगा। अधिवेशन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के प्रमुख शहरों गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत आदि पर विशेष फोकस रहेगा। एनसीआर की विकास यात्रा के इंजन के रूप में पहचाने जाने वाले हरियाणा ने शहरीकरण, औद्योगिक विकास और रियल एस्टेट नवाचार में नई ऊंचाइयों को छुआ है।

### निगम आयुक्त हर वार्ड में पहुंचकर सुनेंगे समस्याएं

**फरीदाबाद।** नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा ने मंगलवार नई पहल करते हुए वार्ड 28 में अधिकारियों की टीम के साथ किया दौरा। निगम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि धरातल पर चल रही विकास कार्यों की योजनाओं का स्टेटस मौके पर पहुंचकर देखा वही अतिक्रमणों को लेकर भी सोमवार से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, उन्होंने उस अवसर पर समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को आश्वासन दिया की उनकी समस्याएं को दूर किया जाएगा। निगम आयुक्त ने कहा कि एक-एक करके सभी वार्डो का दौरा किया जाएगा।

### सांस की नली के कैंसर की सफल सर्जरी

**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल की टीम द्वारा कजाखिस्तान की 42 साल की महिला फेफड़ों के कैंसर की पुनरावृत्ति के कारण मौत के मुहाने पर पहुंच गई थीं। उनके गले की सांस की नली (ट्रेकिआ) का निचला हिस्सा ट्यूमर से पूरी तरह बंद हो चुका था। वे वेंटिलेटर पर थीं और खुद सांस नहीं ले पा रही थीं।दिल्ली के एक अस्पताल में कई दिनों तक इलाज की कोशिशें नाकाम रहीं। सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी और वेंटिलेटर पर रहते हुए कैंसर का इलाज संभव नहीं था। ऐसे में उन्हें अमृता अस्पताल फरीदाबाद रेफर किया गया, जहां एक विशेष टीम डॉ. अर्जुन खन्ना, डॉ. सौरभ पाहुजा और डॉ. प्रदीप ने केस अपने हाथ में लिया था।

# विधायक और सीईओ के बीच तकरार: विधायक से बोले सीईओ- मैं सरकार का काम कर रहा हूं, आपका गुलाम नहीं, सेतिया बोले: विधानसभा में उठाएंगे मामला

## कार्यालय में न मिलने पर विधायक ने सीईओ की कार के पीछे दौड़ाई अपनी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

विधायक गोकुल सेतिया व जिला परिषद के सीईओ के बीच कई दिनों से विकास कार्यों को लेकर आ रही तकरार आज एक बार फिर देखने को मिली। विधायक सेतिया ने सीईओ को फोन किया तो उन्होंने पहले तो कहा बैठक में हैं और बाद में यह कहते हुए फोन काट दिया कि वे सरकार के काम कर रहे हैं, विधायक के गुलाम नहीं हैं। यह तकरार केवल फोन तक सीमित नहीं रही, बल्कि सड़क तक जा पहुंची। कार्यालय में न मिलने पर विधायक ने अपनी गाड़ी सीईओ सुभाष चंद्र की सरकारी गाड़ी के पीछे लगा ली और डबवाली रोड पर कई किलोमीटर पीछा कर रूकवाने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी नहीं रूकी तो विधायक वापस आ गए और सीईओ की कार्यप्रणाली की शिकायत न केवल मुख्यमंत्री से बल्कि विधानसभा में भी उठाने की बात कही। याद रहे कि विधायक गोकुल सेतिया पिछले कई माह से सिरसा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई न होने का मुद्दा उठा रहे हैं और वे जिला परिषद के सीईओ सुभाष चंद्र पर भी काम न करने का आरोप लगा रहे हैं।

■ विधायक बोले जिप सीईओ की मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे



**सिरसा।** विधायक गोकुल सेतिया व अन्य।



मंगलवार को विधायक सेतिया हलके के गांवों में पहुंचे और उनके साथ बीडीपीओ के अलावा कई गांवों के सरपंच भी थे। मौके पर विधायक ने सीईओ सुभाष चंद्र को फोन लगाया तो सीईओ ने बताया कि वे बैठक में व्यस्त हैं। इसी बात को लेकर विधायक सेतिया ने सीईओ को लताड़ लगाते हुए कहा कि पूरे दिन बैठक में ही व्यस्त रहते हो क्या? जब विधायक गांवों में जा रहा है तो आपको भी आना चाहिए। इस बात के जवाब में सीईओ ने कहा कि वे सरकार के कार्य कर रहे हैं, आपके गुलाम नहीं हैं, यह कहकर फोन काट दिया। इसी बात से नाराज होकर विधायक सीधे सीईओ के कार्यालय पहुंचे, लेकिन तब तक सीईओ डबवाली की ओर निकल गए। विधायक को यह सूचना मिली तो उन्होंने डबवाली रोड पर सीईओ की गाड़ी को कई बार रूकवाने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी नहीं रूकी तो विधायक वापस आ गए और कहा कि वे इस पूरे मामले को न केवल मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाएंगे, बल्कि विधानसभा में भी उठाएंगे।

**ये बोले सीईओ**

### विधायक लाइव आकर धमकाते हैं

उधर, सीईओ सुभाष चंद्र का कहना है कि वे डबवाली में 24 अगस्त को मुख्यमंत्री के होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों में लगे हैं और डबवाली व कालांवाली में इसी संदर्भ में बैठक लेनी थी। उन्होंने कहा कि विधायक के निजी सचिव से बात हुई थी, जिसमें साढ़े 11 बजे कार्यालय में मिलने का समय तय हुआ था। उन्होंने कहा कि विधायक लाइव बात करते हैं और उसमें न केवल धमकाने की भी कोशिश करते हैं, बल्कि बदतमीजी से पेश आते हैं। उन्होंने कहा कि वे तो सारे दिन जनता की सुनते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विधायक से कोई नाराजगी नहीं है। न ही कल थी और न ही आज है।

## सोमवार को था एक लाख क्यूसेक पानी, हथिनीकुंड बैराज से लगातार छोड़ा जा रहा पानी

# यमुना में 58 हजार क्यूसेक पानी बह रहा कई जगह तटबंध टूटे, अभी टला नहीं खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

एक दिन डराने के बाद यमुना के जलस्तर में अप्रत्याशित तौर पर गिरावट देखने को मिली है, हालांकि अभी भी यमुना के उफान पर आने की संभावना बनी हुई है। मंगलवार को यमुना में 58 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है। एक दिन पहले 1 लाख क्यूसेक से अधिक पानी दिल्ली की तरफ चला गया है। यमुना का जलस्तर कम हो गया है, जिसके कारण अब खतरा नहीं रहा है। लेकिन यमुना में हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे पबनेरा के पास यमुना तटबंध के अंदर मिट्टी कटने से फसल प्रभावित हुई है। हथिनी कुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ गया था, जिससे आसपास के गांवों में खतरा बढ़ गया था। जगदीशपुर, टिकौला व चंदौली के खेतों में पानी भी चला गया था। हालांकि सोमवार को पहुंचा 1.78 लाख क्यूसेक पानी दिल्ली की तरफ निकल गया है। अब यमुना में महज 58 हजार क्यूसेक पानी है। जिससे जलस्तर कम होने से राहत मिली है। पानी कम होने के साथ ही कुछ स्थानों पर चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। यमुना तटबंध के अंदर उगाई सब्जियों की फसल तो बर्बाद हो ही चुकी है साथ ही दूसरी धान की फसल भी मिट्टी कटने से बहने लगी है।

■ जलस्तर कम होने से कुछ राहत, प्रशासन अलर्ट पर



ग्रामीणों से जानकारी लेते एसडीएम

### पबनेरा में किनारे कटे

खादर क्षेत्र के गांव बेगा के किसानों ने राहत की सांस ली है, लेकिन फसलें डूबने का डर अभी भी बना हुआ है। बैराज से अधिक मात्रा में पानी छोड़ा गया तो सैकड़ों एकड़ सब्जी और अन्य फसलें प्रभावित हो सकती हैं। दूसरी ओर पबनेरा घाट पर यमुना के तटबंध के अंदर तेज बहाव ने किनारों को काट दिया है। किसानों ने बताया कि नदी के कटाव से खेतों की मिट्टी बह रही है और फसल को नुकसान पहुंचने का खतरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तटबंध को और मजबूत करने की मांग की है।

### पानी बढ़ने का सता रहा डर

यमुना नदी में पानी में रुक-रुककर छोड़ा जा रहा है। हथिनीकुंड बैराज से सोमवार सुबह आठ बजे साढ़े 53 हजार क्यूसेक, नौ बजे 53 हजार क्यूसेक, 10 बजे 49.50 हजार क्यूसेक, 11 बजे 51.50 हजार क्यूसेक, 12 बजे 49 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। उसके बाद दोपहर एक बजे 40 हजार, दो बजे 36 हजार, तीन बजे 41.50 हजार, चार बजे 37.50 हजार, पांच बजे 36 हजार, छह बजे 40.50 हजार, सात बजे 40 हजार व आठ बजे करीब 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। नियमित अंतराल पर पानी छोड़ने से स्थिति में सुधार है। एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र ने मंगलवार को यमुना नदी का दौरा किया और जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कल की अपेक्षा आज यमुना के जलस्तर में काफी गिरावट आई है और फिलहाल खतरा नहीं है।

**फरीदाबाद में अलर्ट**

### 24 घंटे चल रही निगरानी प्रशासन ने बनाए सेफ हाउस



**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद प्रशासन यमुना नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पूरी तरह से सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि ताजेवाला बैराज नई दिल्ली स्थित ओखला बैराज पर जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में अपस्ट्रीम गेज डाउनस्ट्रीम गेज पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी प्रकार गाजियाबाद स्थित हिंडन बैराज से छोड़े जाने वाले पानी पर लगातार निगरानी की जा रही है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और यमुना नदी के आसपास बसे गांवों में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशासन ने एसडीआरएफ और एनसीसी की टीमों को ग्राउंड पर तैनात कर दिया है उन्होंने बताया कि कल रात्रि से आज सुबह तक कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए दो राजकीय स्कूलों और कम्युनिटी सेंटर को सेफ हाउस के रूप में चिन्हित किया गया है।

## जींद नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में हंगामा, कर्मचारी से मारपीट



**जींद।** महिला के परिजनों का समझाते डीएसपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

टीटोखेड़ी में महिला की संदिग्ध हालात में फांसी से हुई मौत के मामले में मायका पक्ष ने मंगलवार को जमकर बवाल काटा। पहले गिरफ्तारी तथा बाद में हत्या का मामला दर्ज करने की मांग को लेकर पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। परिजनों ने पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।

■ महिला का पोस्मार्टम करवाने से इनकार

फिर खफा परिजनों ने मोर्चरी मे तैनात कर्मी के साथ मारपीट की। डीएसपी ने मौके पर पहुंच कर हालातो को संभालते हुए मायका पक्ष को शांत किया। हालांकि सदर थाना सफीदों पुलिस ने ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के मजूबर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गांव टीटोखेड़ी निवासी संदीप की पत्नी सरिता (34) को सोमवार को संदिग्ध हालात में नागरिक अस्पताल सफीदों ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के गले में निशान था। ससुरालजनों का कहना था कि सरिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या की है। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस तथा मृतका का मायका पक्ष मौके पर पहुंच गया।

मृतका के पिता घरौंडा करनाल निवासी शीशपाल ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी सरिता की शादी लगभग 14 साल पहले गांव टीटोखेड़ी निवासी संदीप से की थी। शादी के बाद से ससुरालीजन दहेज को लेकर सरिता का उत्पीडऩ करते थे। अक्सर मारपीट की जाती थी। सोमवार को भी सरिता के साथ मारपीट की गई। उसने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने योजनाबद्ध तरिके से उसकी बेटी की हत्या की है।

## हाईकोर्ट ने सरकार की उदासीनता व असंवेदनशीलता पर जताई नाराजगी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सरकार की उदासीनता और असंवेदनशीलता पर सख्त नाराजगी जताई है। कोर्ट ने संविदा लाभ न देने के मामलों में तीन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए प्रत्येक याचिका पर 75,000 का जुर्माना लगाया और चार हफ्तों में सभी लाभ देने के निर्देश दिए। यह मामला कैथल निवासी सरोज बाला व अन्य द्वारा दायर याचिका से जुड़ा था, जिसमें उसने अपने पति (जेबीटी शिक्षक) की असामयिक मृत्यु के बाद हरियाणा सिविल सेवाएं (संवेदनशील वित्तीय सहायता या नियुक्ति) नियम, 2019 के तहत आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की थी।यह नियम 2 अगस्त 2019 को अधिसूचित किए गए थे, जिनमें परविधान है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु या गुमशुदगी हो जाती है और उसने कम से कम पांच वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो तथा उसकी आयु 52 वर्ष से कम हो, तो परिवार का सदस्य नियुक्ति या आर्थिक सहायता पाने का हकदार होगा।जस्टिस त्रिभुवन दहिया ने कहा कि याचिकाकर्ता के पति ने लगभग नौ साल तक शिक्षक के रूप में सेवा दी और उनके खिलाफ न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही कोई आपराधिक मामला दर्ज किया गया। इसके बावजूद सरकार ने संवेदनशील सहायता और अनुग्रह राशि जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह सरकार की संवेदनहीनता और उपेक्षा को दर्शाता है, जिससे याचिकाकर्ता को गंभीर आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ा और उसे न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। राज्य सरकार ने दलील दी कि 2009 में हुई भर्ती को लेकर विवाद था क्योंकि कुछ उम्मीदवारों ने एचटीईटी परीक्षा धोखाधड़ी से पास की थी। अदालत ने इसे खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के पति की नियुक्ति विधिवत हुई थी और वे वर्षों तक सेवा में रहे। हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया कि लंबित वित्तीय सहायता और अनुग्रह राशि नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ चार हफ्तों में जारी की जाए। साथ ही, प्रत्येक याचिकाकर्ता को 75,000 बतौर हर्जाना देने का भी निर्देश दिया गया।

■ याचिकाओं का निपटारे करते हुए टिप्पणी

## झज्जर की महिला को बंधक बनाकर जुलाना में गैंगरेप

**जींद।** झज्जर जिला की महिला को बंधक बना कर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, बंधक बनाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। झज्जर जिले की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव नंदगढ़ निवासी विक्की से फोन पर बातचीत होती थी। गत 20 अप्रैल को वह परिजनों को बिना बताए विक्की के साथ गांव नंदगढ़ आ गई। 21 अप्रैल को विक्की उसे जुलाना एक होटल में ले गया। जहां पर आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपित उसे दिल्ली के होटल में ले गया। जहां पर विक्की तथा उसके दोस्तों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपितों ने उसे कमरे में बधक बना कर रखा। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह आरोपितों के चंगुल से निकलने में कामयाब हो गई और परिजनों को घटना के बारे में अवगत करवाया। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गांव नंदगढ़ निवासी विक्की को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने, बंधक बनाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि झज्जर पुलिस से जीरो एफआईआर मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है।

## सिरसा के निलंबित तहसीलदार की पटियाला में सड़क हादसे में मौत

**सिरसा।** सिरसा के निलंबित तहसीलदार भुवनेश कुमार की सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई है। भुवनेश कुमार चंडीगढ़ से सिरसा लौट रहे थे। पटियाला के निकट सोमवार रात्रि को सडक़ हादसे में मौत हो गई। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार निलंबित तहसीलदार किसी काम से चंडीगढ़ से सिरसा लौट रहे थे। उनकी टैक्सी को पटियाला के निकट एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे भुवनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भुवनेश मूल रूप से फतेहाबाद के रहने वाले थे और पिछले कुछ समय से सिरसा में ही रहे थे। कुछ समय पहले सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया ने उनकी भ्रष्टाचार से संबंधित एक वीडियो वायरल की थी, जिसपर एक्शन हुआ था।


## एक साल में दूसरी घटना, उपायुक्त ने तीन दिन में जवाब मांगा

# पूंडरी में ब्लॉक समिति चेयरपर्सन की कुर्सी पर बैठा मिला उनका पति, उपायुक्त ने सुषमा देवी को नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पूंडरी की पंचायत समिति कार्यालय में डीसी के निरीक्षण दौरान चेयरपर्सन की कुर्सी पर उसके पति बैठे मिलने का मामला सामने आया है। इस पर कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति पुंडरी ने चेयरपर्सन सुषमा देवी को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। बता दे कि मंगलवार को दोपहर करीब ढाई बजे उपायुक्त प्रीति ने खंड कार्यालय पूंडरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि चेयरपर्सन सुषमा देवी स्वयं अपनी कुर्सी पर मौजूद नहीं थीं, बल्कि उनकी जगह उनका प्रतिनिधि वहां बैठा हुआ मिला। जोकि सरकारी नियमों के विरुद्ध है। डीसी ने यह आचरण पूरी तरह से अनुचित और प्रक्रिया के खिलाफ माना है। कार्यकारी अधिकारी का कहना है कि पंचायत समिति की चेयरपर्सन की कुर्सी पर केवल निर्वाचित चेयरपर्सन को बैठने का अधिकार है। किसी अन्य प्रतिनिधि या व्यक्ति को यह अधिकार देना नियमों का उल्लंघन है। अधिकारी ने अपने पत्र में चेयरपर्सन से इस संबंध में तीन दिन के भीतर यह स्पष्ट किया जाने बारे लिखा है कि उन्होंने किस नियम और किस परिस्थिति में पति प्रतिनिधि को खुद की कुर्सी पर बैठने की अनुमति दी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तो इसे नियम विरुद्ध कार्य माना जाएगा और इसकी रिपोर्ट माननीय उपायुक्त कैथल को भेज दी जाएगी। साथ ही, पूरे मामले की जिम्मेदारी चेयरपर्सन सुषमा देवी की मानी जाएगी।

■ मंगलवार को डीसी औचक निरीक्षण करने पहुंची थी


कार्यालय, कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति पूण्डरी, (कैथल)

**कैथल।** चेयरपर्सन को जारी किया नोटिस।

इस घटनाक्रम ने पंचायत समिति पूंडरी की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण हलकों और स्थानीय राजनीतिक मंचों पर भी यह विषय चर्चा में है कि निर्वाचित पद पर किसी अन्य व्यक्ति को बैठाना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। अब सभी की निगाहें चेयरपर्सन सुषम देवी के जवाब पर टिकी हैं कि वे इस मामले में क्या सफाई देती हैं और प्रशासन उनकी प्रतिक्रिया से कितना संतुष्ट होता है।

### बोर्ड पर चेयरपर्सन पति का नाम लिखा मिला

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि चेयरपर्सन ने कार्यभार ग्रहण बोर्ड (इनकंबेसी बोर्ड) पर अपने नाम के साथ अपने पति का नाम लिखवा रखा था, जो कि सरकार के नियमों के खिलाफ है। किसी भी सार्वजनिक पदाधिकारी को अपने पदनाम के साथ पति या पिता का नाम लिखने की अनुमति नहीं होती। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए चेयरपर्सन को नियमों का पालन करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है।

### सीवन में भी चेयरपर्सन की जगह बैठा मिला था पति

यह पहली घटना नहीं है। इस साल फरवरी माह में भी डीसी ने सीवन पंचायत समिति का निरीक्षण किया था। उस समय भी चेयरपर्सन की कुर्सी पर उनका पति बैठा मिला था। तब डीसी ने तुरंत नोटिस जारी करते हुए 7 दिन में स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बावजूद दोबारा वही स्थिति सामने आने से प्रशासनिक स्तर पर और भी सख्ती बरती जा रही है।

# डेरोली जाट के एक घर में इनकम टैक्स की रेड, हैदराबाद की कंपनी में काम करता है युवक

■ मंगलवार सुबह सात बजे रोहतक से पहुंची टीम ने घर खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव डेरोली जाट में इनकम टैक्स की टीम ने मंगलवार की सुबह एक घर पर रेड मारी हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट रोहतक की टीम ने डेरोली जाट में सुबह करीब सात बजे गांव के सुशील शर्मा के घर पर पहुंची। टीम सरकारी गाड़ियों से यहां पर पहुंची। जिसके बाद रेड शुरू की गई। इनकम टैक्स के अधिकारियों के साथ पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। वहीं अधिकारी इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। रेड सुबह 11 बजे तक जारी थी। जहां पर इनकम टैक्स के अधिकारी गांव में सुशील शर्मा के घर पर जांच में जुटे हुए थे। वहीं ग्रामीणों को जब इसका पता चला तो काफी संख्या में ग्रामीण भी वहां पर पहुंच गए। व्यक्ति हैदराबाद में किसी कंपनी में काम करता था। वहां पर जिस कंपनी में काम करता था, उसमें इनकम टैक्स की रेड हुई थी। जिसके बाद यहां मंगलवार को रेड हुई है। चर्चा है कि उक्त व्यक्ति के खातों से भी कोई लेन-देन हुआ है। जिसकी जांच करने के लिए इनकम टैक्स के डिप्टी डायरेक्टर रोहतक की टीम ने यहां पर सुबह करीब सात बजे रेड की। वहीं ग्रामीणों को जब इसका पता चला तो काफी संख्या में ग्रामीण भी वहां पर पहुंच गए।

■ दोपहर 11 बजे तक चलती रही रेड, गांव में हड़कंप

**टीम ने वीडियो बनाने से रोका**



इसके अलावा मीडिया के लोगों ने वहां पर पहुंचकर वीडियो बनानी चाही तो इनकम टैक्स के अधिकारियों ने पुलिस से कहकर वीडियो नहीं बनाने दी। पुलिस कर्मियों का कहना था कि केवल गाड़ी की फोटो वीडियो ले लें, उनकी या अंदर जांच करते हुए की कोई वीडियो न ले।गांव सरपंच प्रतिनिधि रणबीर ने बताया कि सुशील शर्मा हैदराबाद में किसी कंपनी में काम करते हैं। वहां पर इनकम टैक्स की रेड हुई थी। इसमें सुशील के खातों से भी कोई लेन-देन मिला होगा। जिसके चलते अब रोहतक से आई टीम ने उनके घर में रेड की है। सुशील हैदराबाद में ही परिवार सहित रहता है तथा कभी-कभी गांव में कुछ दिनों के लिए आता है। फिलहाल वह गांव में आया हुआ था।

## खबर संक्षेप

### अभिनंदन लोढ़ा ग्रुप का जेप्टो के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी अभिनंदन लोढ़ा हाउस (एचओएबीएल) ने अपने आवासीय भूखंडों की बिक्री के लिए त्वरित वाणिज्य मंच जेप्टो के साथ गठजोड़ किया है। एचओएबीएल ने मंगलवार को बयान में कहा कि वह शुरुआत में जेप्टो ऐप के माध्यम से वृंदावन, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के नेरल में प्रीमियम भूखंडों का विपणन करेगी। कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) सौरभ जैन ने कहा कि जेप्टो के साथ इस सहयोग से उसकी पहुंच व्यापक होगी।

### आईनॉक्स विंड ने रिन्यूएबल साल्यूशंस में बेची हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता कंपनी आइनॉक्स विंड लिमिटेड ने अपनी ईपीसी अनुषंगी कंपनी आइनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड में 175 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी निवेशकों को 7,400 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर बेच दी है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईनॉक्स रिन्यूएबल सॉल्यूशंस लिमिटेड के विलय के बाद के मूल्यांकन को हाल ही में शेयर बाजारों से ''अनापत्ति प्रमाण पत्र'' मिल गया।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरुजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रेटिंग्स एजेंसी ने भारत की साख को बढ़ाया, सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही

# अमेरिकी शुल्क से भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के उच्च शुल्क से भारत की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं पर प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि सरकार आर्थिक सुधारों पर ध्यान दे रही है और लोगों के जीवनस्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही है। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर पिछले सप्ताह 'बीबीबी' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीतिगत उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग में सुधार किया है।

**औसत वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहेगी**

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने कहा, '' हम उम्मीद करते हैं कि वृद्धि की यह गतिशीलता अगले तीन वर्ष तक जारी रहेगी और औसत वृद्धि दर करीब 6.8 प्रतिशत रहेगी। अगर भारत में बुनियादी ढांचे और संपर्क में सुधार होता है, तो इससे दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि में बाधा डालने वाली अड़चनें दूर होंगी। साथ ही भारत की संभावित वृद्धि यात्रा

### सभी उत्पादों पर उच्च शुल्क लागू नहीं होगा

राणा ने कहा कि एक अन्य कारक यह है कि भारत से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 50 प्रतिशत का उच्च शुल्क लागू नहीं होता है। राणा ने कहा, यह एक जटिल माहौल है। कई ऐसे कारक हैं जो अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले समग्र प्रभाव को कम कर सकते हैं। फिर भी हम अर्थव्यवस्था पर कुछ अल्पकालिक विश्वास-संबंधी प्रभाव देख सकते हैं।

### अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर शुल्क लागू

अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क सात अगस्त से लागू हो गया है। रूस से कच्चा तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से अमल में आएगा। फुआ ने साथ ही कहा कि भारत आर्थिक सुधारों, राजकोषीय समेकन और बुनियादी ढांचे में निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।




- लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास जारी
- महंगाई को काबू में रखने आरबीआई की नजर

### भारत की अर्थव्यवस्था कम व्यापार उन्मुख

उच्च अमेरिकी शुल्क के प्रभाव पर एसएंडपी एशिया प्रशांत के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत कम व्यापार-उन्मुख है, जिसमें बाह्य मांग का योगदान समग्र अर्थव्यवस्था में केवल 15 प्रतिशत है और 85 प्रतिशत घरेलू कारकों द्वारा संचालित है।

### भारत दुनिया का सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश

फुआ ने भारत की रेटिंग बढ़ाने पर आयोजित 'वेबिनार' में कहा कि भारत दुनिया की सबसे मजबूत और सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत पिछले तीन से चार वर्ष में अपने क्षेत्रीय समकक्षों की तुलना में वृद्धि के मामले में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

### भारतीय कंपनियों पर शुल्क का सीधा असर सीमितः फिच

फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीधा असर सीमित है लेकिन अभी प्रभावित नहीं हुए दवा जैसे क्षेत्र भी भविष्य में होने वाली घोषणाओं की चपेट में आ सकते हैं।




अमेरिका ने भारतीय उत्पादों के आयात पर सात अगस्त से 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगा दिया है। फिच रेटिंग्स ने इस शुल्क के प्रभावों पर जारी एक बयान में कहा कि मौजूदा शुल्क से भारतीय कंपनियों पर परोक्ष असर बढ़ने का भी जोखिम दिख रहा है। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौता हो जाने पर यह जोखिम कम हो जाएगा।

# ओपनएआई ने भारत में सदस्यता पेश की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपनएआई ने भारत में चैटजीपीटी गो की घोषणा की है जिसकी सदस्यता 399 रुपये प्रति महीने से शुरू होती है। कंपनी ने घोषणा की कि सभी चैटजीपीटी सदस्यता का भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा, जिससे समूचे भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए ओपनएआई के उन्नत एआई उपकरणों तक पहुंच आसान हो जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, '' ओपनएआई, चैटजीपीटी गो की शुरुआत कर रहा है, जो एक नई सदस्यता योजना है। इसे समूचे भारत में उपयोगकर्ताओं के लिए उन्नत एआई उपकरणों को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि ओपनएआई के उपकरणों को अपनाने की प्रवृत्ति पूरे देश में तेजी से बढ़ रही है।'' नई योजना मौजूदा सदस्यता स्तरों के अतिरिक्त है, जिसमें चैटजीपीटी प्लस (1,999 रुपये प्रति माह) शामिल है। उन पेशेवरों एवं उद्यमों के लिए जिन्हें उच्च पैमाने, अनुकूलन एवं सबसे उन्नत मॉडल तक पहुंच की आवश्यकता है उनके लिए ओपनएआई के पास चैटजीपीटी प्रो (19,900 रुपये प्रति माह) है।

- प्रति माह 399 रुपए में चैटजीपीटी गो की सदस्यता मिलेगी

### भारत सबसे बड़ा बाजार है

टर्ली ने कहा, '' चैटजीपीटी गो के साथ हम इन क्षमताओं को और भी अधिक सुलभ बनाने तथा यूपीआई के माध्यम से भुगतान को और भी आसान बनाने के लिए उत्साहित हैं।'' मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम ऑल्टमैन ने इस महीने की शुरुआत में कहा था अमेरिका के बाद भारत वर्तमान में ओपनएआई का सबसे बड़ा बाजार है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 371 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही। जीएसटी में प्रस्तावित सुधारों के साथ वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने के संकेतों के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा टाटा मोटर्स में बढ़त के साथ बीएसई सेंसेक्स 371 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के करीब पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 370.64 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 81,644.39 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 482.13 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत चढ़कर 24,980.65 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''जीएसटी को तर्कसंगत बनाने और भारत की साख में हाल में सुधार से उत्साहित बाजार में तेजी जारी रही। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव कम होने के संकेतों से भी धारणा मजबूत हुई है। इससे निकट भविष्य को लेकर दृष्टिकोण रचनात्मक रुख की ओर मुड़ रहा है।''

- बाजार में जीएसटी में प्रस्तावित सुधार का असर दिखा



### टाटा मोटर्स में 3.5 फीसदी का लाभ

विश्लेषकों के अनुसार, दिवाली तक माल एवं सेवा कर प्रणाली में बड़े सुधारों की योजना और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक चिंताओं में कमी से बाजार में धारणा मजबूत बनी रही। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत के लाभ में रही जबकि अदाणी पोर्ट्स में 3.16 प्रतिशत की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.82 प्रतिशत चढ़ा।

### मारुति रही लाभ में

इसके अलावा इटर्नल, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल टेक शामिल हैं।

### इमामी एग्रोटेक का खाद्य उत्पादों के बाजार में कदम

**कोलकाता।** विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत इमामी समूह की इकाई इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने मंगलवार को आटा, मैदा जैसे खाने के सामान के बाजार में उतरने की घोषणा की। कंपनी के एक अधिकारी ने बयान में कहा कि यह कदम कंपनी के भारत के 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा के 'ब्रांडेड स्टेपल' यानी दैनिक उपयोग में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की श्रेणी में विस्तार का प्रतीक है। यह अगले तीन से पांच साल में खाद्य क्षेत्र को 2,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। कंपनी ने इमामी हेल्दी एंड टेस्टी ब्रांडेड आटा, मैदा और सूजी के पेशकश की घोषणा की।

### रुपया 40 पैसे की बढ़त के साथ 86.99 प्रति डॉलर

**मुंबई।** सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों के समर्थन से रुपया मंगलवार को 40 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है,

सूचना
मैं, सुरेश पुत्र जयनारायण निवासी गांव भागखेड़ा, उपतहसील पिल्लूखेड़ा, तहसील सफीदों, जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अभिषेक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Meenu
Civil Judge (Senior Division),
SANDEEP KUMAR SON OF NIHAL SINGH
Vs.
General Public
CNR No. HRJR02-001044-2025
Next Date : 09.09.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **09.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Meenu, Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 13.08.2025

Reminder
COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Meenu
Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
SURESH KUMAR S/O RAJENDER SINGH S/O UDAY SINGH
Vs.
General Public of India
CNR No. HRJR02-001482-2024
Next Date : 21.08.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
India
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.08.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/-Meenu, Civil Judge (Senior Division), Jhajjar
Dated, this day of 13.08.2025

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Amandeep Kumar
Civil Judge (Junior Division),
KANTA W/O SH. SURESH KUMAR
Vs.
General Public
CNR No. HRRH02-002157-2024
Next Date : 04.11.2025
PUBLICATION ISSUED TO :-
General Public
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **04.11.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 14.08.2025


### डाक विभाग ने देश में उन्नत डाक प्रौद्योगिकी लागू की

**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने 5,800 करोड़ रुपये की लागत वाली 'उन्नत डाक प्रौद्योगिकी' (एपीटी) पूरे देश में लागू कर दी है जिससे विभाग को एक विश्वस्तरीय सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन के रूप में बदला जा सकेगा। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस उन्नत मंच के जरिये डाकघर अब किसी भी बैंक के ग्राहकों से यूपीआई भुगतान स्वीकार कर सकेंगे। अभी तक तकनीकी कारणों से यूपीआई भुगतान डाकघरों में केवल इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खातों तक ही सीमित था। एपीटी की मदद से डाक विभाग को विश्वस्तरीय संगठन बनाने के लिए मोबाइल आधारित सेवाएं तथा वास्तविक समय में निर्णय लेने की सुविधा का इस्तेमाल किया जाएगा। सिंधिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, डाक विभाग की तरफ से पूरे देश में उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) लागू किए जाने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत की डिजिटल यात्रा में ऐतिहासिक कदम है। आईटी 2.0 के तहत 5,800 करोड़ रुपये के निवेश से समर्थित एपीटी डाक विभाग को विश्वस्तरीय सार्वजनिक लॉजिस्टिक संगठन में बदल देगा। सिंधिया ने कहा कि एपीटी मंच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण के अनुरूप एक पूर्णतः स्वदेशी प्रौद्योगिकी है।

# सोना 500 और चांदी 1,000 रुपए फिसली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,00,420 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,00,920 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 450 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोमवार को यह 1,00,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच व्हाइट हाउस में हुई शांति वार्ता से यूक्रेन में युद्ध समाप्त होने की कुछ उम्मीद जगी है, जिससे सोने की कीमतों में गिरावट आई है...। प्रमुख प्रवीण सिंह के अनुसार, ''भारत सरकार द्वारा जीएसटी नियमों में बदलाव के कारण डॉलर : रुपये की विनिमय दर में कमजोर रुख से घरेलू सोने की कीमतों पर असर पड़ा है।''



### 1000 रुपए की गिरावट रही

सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत मंगलवार को 1,000 रुपये घटकर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। पिछले सत्र में चांदी 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर आईएमए की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा संघ (IMA) द्वारा पारंपरिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चिकित्सा संघ (IMA) द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। यह मामला तब शुरू हुआ जब IMA ने पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में IMA ने आरोप लगाया था कि पतंजलि के विज्ञापन भ्रामक हैं और आधुनिक चिकित्सा को बदनाम करते हैं।आयुष मंत्रालय ने हटाया था नियम 1701 जुलाई 2024 को आयुष मंत्रालय ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स, 1945 के नियम 170 को हटा दिया था। इस नियम के तहत आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी दवाओं के विज्ञापन के लिए राज्य लाइसेंसिंग अथॉरिटी से पूर्व स्वीकृति लेना अनिवार्य था। इस नियम को हटाने से भ्रामक दावों को रोकने में कठिनाई बढ़ गई।हालांकि, अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस नियम को हटाने पर रोक लगाई थी और अस्थायी रूप से पूर्व स्वीकृति की शर्त को बहाल कर दिया था।सुप्रीम कोर्टः केंद्र द्वारा हटाए गए नियम को कोर्ट कैसे बहाल कर सकता है?न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन ने सवाल किया कि जब केंद्र सरकार ने नियम को हटा दिया है, तो राज्य सरकारें इसे कैसे लागू कर सकती हैं? न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने सुझाव दिया कि चूंकि याचिका में मांगी गई मुख्य राहत पहले ही पूरी हो चुकी है, इसलिए इस मामले को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र द्वारा हटाए गए नियम को अदालत दोबारा बहाल नहीं कर सकती।पूर्व की सुनवाईयों में सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों, नियामक एजेंसियों की निषक्रियता और बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों पर ध्यान केंद्रित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही भी शुरू की थी, जो बाद में कंपनी की बार-बार माफी मांगने पर बंद कर दी गई। कोर्ट ने यह चेतावनी भी दी थी कि AYUSH दवाओं के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने और निर्माण अनुमतियों को रोकने से अनुचित व्यापार प्रथाओं को बढ़ावा मिल सकता है।

भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
[छात्रवृत्ति अनुभाग]
अनुसूचित जनजाति ( ST ) छात्रों के लिए उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय फैलोशिप ( NFST ) वर्ष 2025-26 के लिए
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए "उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय फैलोशिप एवं छात्रवृत्ति योजना" के अंतर्गत राष्ट्रीय फैलोशिप के लिए वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह फैलोशिप उन छात्रों को प्रदान की जाती है जो पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए चयनित होते हैं।
फैलोशिप की कुल संख्या : 750
इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय जनजातीय फैलोशिप पोर्टल https://fellowship.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।
आवेदन पोर्टल 1 अगस्त 2025 से 30 सितंबर 2025 (शाम 5:30 बजे) तक खुला रहेगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार जनजातीय कार्य मंत्रालय की पोर्टल https://tribal.nic.in/Scholarship.aspx पर विज़िट करें।
CBC-43101/11/0019/2526

## शब्द पहेली - 5963




**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5962 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | पा | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |



खबर संक्षेप

## 2.14 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतें हुई डिजिटल

**नई दिल्ली।** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए, देश में भारतनेट परियोजना के तहत 2,14,325 ग्राम पंचायतों (जीपी) को डिजिटल तौर पर जोड़ा गया है। यह जानकारी मंगलवार को सरकार की ओर से संसद में दी गई। दूरदराज गांवों में 4जी सेवाएं पहुंचाने के लिए सरकार 26,316 करोड़ रुपए की परियोजना चला रही है।



## भगवान को 140 करोड़ रु. का सोना चढ़ाएगा भक्त

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के एक भक्त ने अपनी कारोबारी कामयाबी के लिए शुक्रिया अदा करने के लिए 121 किलो सोना दान करने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि भक्त जो सोना चढ़ाना चाहता है उसकी कीमत करीब 140 करोड़ रुपए है।



## सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं के लिए दो, एससी-एसटी के लिए एक सीटः शाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद को बताया कि एक से अधिक राज्य में संचालित होने वाली सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं के लिए दो सीट और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के लिए एक सीट आरक्षित की गई है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सहकारिता क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। शाह ने बताया कि सरकार ने सभी राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के लिए आदर्श उप-नियमों में इसी तरह के प्रावधान शामिल किए हैं। इन उपायों का उद्देश्य महिलाओं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर पैक्स की सदस्यता को और अधिक समावेशी बनाना है। राहुल ने सहकारी समितियों के गठन में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा की गई की पहल का विवरण मांगा था। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या सरकार ने सहकारिता मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित प्रमुख योजनाओं, विशेष रूप से इथेनॉल संयंत्रों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता, के वास्ते अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उप-योजना के तहत अनिवार्य आवंटन में छूट दी है।

# संसद से सड़क तक बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर तकरार, पक्ष- विपक्ष में वार-पलटवार

## संसद परिसर में किया विरोध प्रदर्शन सांसदों ने लगाए 'वोट चोर' के नारे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी नेताओं ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपना हमला तेज कर दिया और संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों की तस्वीरों वाला एक विशाल बैनर पकड़ा था। ये लोग चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इस बैनर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और पैनल के अन्य दो निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की तस्वीर थी और उस पर 'वोट चोर' और 'मौन अदृश्य धांधली' लिखा हुआ था।

### निष्पक्ष चुनावों पर उठाए गंभीर सवाल



*कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में संसद में अपने विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने हिंदी में किए गए पोस्ट में कहा निर्वाचन आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता।इंडिया' गठबंधन ने सबूतों के साथ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिनका जवाब निर्वाचन आयोग को विपक्ष को डराकर नहीं, बल्कि जांच करके देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों से लेकर संसद तक, मताधिकार की लड़ाई जारी है।*

### इस मुद्दे पर कर रहे चर्चा की मांग

विपक्ष का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों से पहले ''मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना है। विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।

## राहुल ने बोला 'आयोग' पर हमला भाजपा और ईसी कर रहे वोट चोरी

एजेंसी ▶▶| नवादा

बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के तीसरे दिन राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार की सियासत में गरमाहट बढ़ा दी। राहुल गयाजी से नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि दोनों मिलकर लोगों के वोट चुरा रहे हैं। राहुल ने कहा कि बिहार में लाखों लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है। चुनाव आयोग और भाजपा के बीच पार्टनरशिप है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयुक्त मिलकर जनता से वोट छीन रहे हैं। लेकिन मैं, तेजस्वी और विपक्षी नेता वोट चोरी नहीं होने देंगे। महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्य प्रदेश के चुनाव में भी इन लोगों ने यही किया है।

### राहुल को बनाएंगे अगला पीएमः तेजस्वी



### लोकसभा में पूरी ताकत से काम करेंगे

वोटर अधिकार यात्रा' के बीच आरजेडी के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में वे पूरी ताकत से काम करेंगे ताकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बन सकें। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा हालात में विपक्ष को एकजुट होकर चुनाव लड़ना होगा।

### प्रियंका ने कहा कैसा हलफनामा



प्रियंका गाधी ने कहा कि इससे बड़ी शपथ क्या होगी जो हम लोकसभा में लेते हैं? ये जो हलफनामा मांग रहे हैं, ये बेकार की बात है। जैसे ही हलफनामा आएगा, वे कहेंगे कि ये 45 दिन बाद दिया था, इसलिए इसे रद्द कर देंगे। ये सब बकवास है, सच्चाई सबके सामने है, सच्चाई का जवाब दें। 100-100 लोग जीरो एड्रेस पर क्यों हैं, इतने लोग एक एड्रेस पर कैसे हैं?

## क्रिटिकल मिनरल्स बिल संसद में पास

संसद में मंगलवार को एक बड़ा बिल पास हुआ खनिज और खनन (विकास और विनियमन) संशोधन बिल, 2025। इसका मकसद है भारत के खनन सेक्टर को ज्यादा खुला, आधुनिक और तेज-तर्रार बनाना।खासकर उन खनिजों पर फोकस रहेगा, जिन्हें "क्रिटिकल और स्ट्रैटेजिक मिनरल्स कहा जाता है। अब राज्यसभा ने भी इसे पास कर दिया, वो भी वॉयस वोट से।

### राज्य सरकार गरीबों का मकान नहीं बना रही

*शिवराज ने कहा कि हम पैसा दे रहे हैं गरीबों के घर बनाने के लिए और तमिलनाडु की सरकार मकान स्वीकृत ही नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि ये गरीबों के साथ धोखा है, पाप है, अन्याय है। शिवराज ने आगे कहा कि तीन लाख से ज्यादा मकानों के लिए पैसा दिया जा चुका है, लेकिन मकानों के निर्माण पूरे ही नहीं हुए हैं।*

### भाजपा ने किया विपक्ष के नेता पर बड़ा हमला

#### राहुल झूठ की दुकान चला रहे

भाजपा नेता गौरव भाटिया ने राहुल पर करारा हमला बोला है। सुप्रीम कोर्ट ने फर्जी मतदान को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। गौरव ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की दुकान/शोरूम चला रहे हैं, मोहब्बत की दुकान नहीं।

#### 19 दिन बाद भी नहीं मिली आपत्ति, 13 दिन शेष

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा, 19 दिन में एसआईआर पर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। किसी भी राजनीतिक दल की ओर से कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए अब केवल 13 दिन बचे हैं।

## रंजू देवी की वोट कटने की कहानी निकली झूठी

**पटना/रोहतास।** राहुल गांधी से मुलाकात कर वोट कटने की शिकायत करने वाली महिला रंजू देवी के दावे की हकीकत सामने आ गई है। रंजू देवी और उनके परिवार का नाम मतदाता सूची में मौजूद है। रंजू देवी ने बताया कि उनके वार्ड सचिव ने कहा था कि उनका और उनके परिवार का नाम मतदाता सूची में नहीं है। इसे राहुल गांधी को बता दो।

### राहुल की गाड़ी के नीचे आया पुलिसकर्मी

*वोटर अधिकार यात्रा तीसरे दिन नवादा पहुंची। हालांकि, इस दौरान राहुल की गाड़ी के नीचे सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी आ गया। वहां पर मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने जल्दी से खींचकर पुलिसकर्मी को बाहर निकाला। राहुल ने फिर जवान से उसका हालचाल पूछा। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।*

### महाराष्ट्र में वोटर बढ़े, विवाद निकला झूठा

#### संजय ने डेटा को गलत बताकर मांगी माफी

लोकनीति-सीएसडीएस के को-डायरेक्टर और जाने-माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक्स पर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र के दो विधानसभा क्षेत्रों नासिक पश्चिम और हिंगना में मतदाताओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी की जानकारी दी थी। अब उन्होंने गलती के लिए माफी मांगी है।

#### भाजपा ने कहा- लापरवाही की, झूठे बयान दिए

भाजपा ने संजय की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें 'लापरवाह' बताया और उन पर चुनावी धोखाधड़ी के विपक्ष के दावे को हवा देने का आरोप लगाया। अमित मालवीय ने कहा है कि यह कोई ईमानदार गलती नहीं थी। गलत आंकड़े जारी कर दिए। हम इन्हें चुटकी भर नहीं, बल्कि नमक की बोरी की तरह लें।

# केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मिली कई परियोजनाओं को मंजूरी

## कोटा-बूंदी में एयरपोर्ट, ओडिशा में 6 लेन की रिंग रोड बनेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को कई बड़े फैसले लिए गए। सरकार ने राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1507 करोड़ की लागत से नया हवाई अड्डा बनाने का एलान किया है। केंद्रीय कैबिनेट ने ओडिशा के कटक और भुवनेश्वर में छह लेन की एक्सेस-नियंत्रित रिंग रोड बनाने की भी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 8,307 करोड़ की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को कुल 9,814 करोड़ की परियोजनों को अपनी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कैबिनेट में लिए गए इन फैसलों की जानकारी दी है।

### हवाई अड्डे के लिए मुफ्त में जमीन देगी राजस्थान सरकार

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने मंगलवार को राजस्थान के कोटा-बूंदी में 1,507 करोड़ की अनुमानित लागत से एक नया हवाई अड्डा स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। वैष्णव ने कहा कि ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से वित्त पोषित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे के लिए 1,089 एकड़ जमीन राजस्थान सरकार मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। नए हवाई अड्डे की क्षमता प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों को संभालने की होगी। वैष्णव ने कहा कि हवाई अड्डा क्षेत्रीय संपर्क में उल्लेखनीय सुधार करेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। एएआई इस परियोजना का वित्तपोषण अपने आंतरिक स्रोतों से करेगा और इसके 24 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।



### ओडिशा की रिंग रोड परियोजना पर खर्च होंगे 8308 करोड़ रुपये

वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा में हाइब्रिड एन्युइटी मोड (एचएएम) पर छह लेन की एक्सेस-कंट्रोल्ड कैपिटल रीजन रिंग रोड (भुवनेश्वर बाईपास) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसकी कुल पूंजी लागत 8,307.74 करोड़ रुपये होगी। वर्तमान में, मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामेश्वर और तांगी के बीच संपर्क अत्यधिक शहरीकृत शहरों खोरधा, भुवनेश्वर और कटक से होकर गुजरने वाले उच्च यातायात के कारण काफी भीड़भाड़ का सामना करता है।

## अरब सागर में दो नौकाएं पलटने से आठ मछुआरे लापता, 10 को बचाया गया

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले के तट पर अरब सागर में मंगलवार शाम खराब मौसम के कारण दो नौकाएं पलट गईं, जिससे आठ मछुआरे लापता हो गए जबकि 10 मछुआरों को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजुला के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मेहुल बारासरा ने बताया कि स्थानीय मछुआरों और तटरक्षक बल की मदद से लापता लोगों की तलाश और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह हादसा शाम करीब छह बजे उस दौरान हुआ जब अमरेली जिले के जाफराबाद शहर के तट से लगभग 19 समुद्री मील दूर समुद्र में 18 मछुआरों को लेकर जा रही दो नौकाएं पलट गई थीं।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS

**राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम**
पता : प्रथम तल, कोर-1, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092
टेली. : 011-22441442

NMDFC

**एनएमडीएफसी की स्कीमों, कार्यक्रमों में रूपांतरण / सुधार / नई स्कीमों / उत्पादों का प्रारम्भ और बिजनेस मॉडल में परिवर्तन के लिए सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं**

एनएमडीएफसी में आम जन से सामान्यतः और एनजीओएस/विशेषज्ञों/स्टेकहोल्डर्स और संस्थानों से विशेषतः एनएमडीएफसी की स्कीमों, कार्यक्रमों में समीक्षा / रूपांतरण / सुधार / नई स्कीमों / उत्पादों का प्रारम्भ और बिजनेस मॉडल में परिवर्तन पर विचार / सुझाव आमंत्रित करने का निर्णय लिया है, ताकि लक्षित समूहों को एनएमडीएफसी की स्कीमों और कार्यक्रमों की अधिकतम पहुंच को हासिल किया जाए। अधिक विवरण के लिए कृपया What's New section के तहत हमारी वेबसाइट www.nmdfc.org पर पधारें।

सीबीसी–27104/12/0006/2526

## देशहित को छोड़ पं. नेहरू ने अपनी ही छवि चमकाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली में एनडीए की बैठक हुई, जिसमें एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को सम्मानित किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने सीपी राधाकृष्णन के सार्वजनिक जीवन की तारीफ करते हुए विपक्षी समेत सभी पार्टियों से अपील की कि राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुना जाए। पीएम मोदी ने सिंधु जल संधि के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की आलोचना भी की। पीएम मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने देश की संसद और अपनी कैबिनेट को भी भरोसे में लिए बगैर पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



### मोदी सरकार ने समझौते को स्थगित किया

पहलगाम आतंकी हमले के बाद मोदी सरकार ने सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार उस समय की सरकारों द्वारा किए गए पापों को साफ कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने कहा था कि इस समझौते (सिंधु जल समझौते) से भारत-पाकिस्तान के बीच के अन्य मुद्दों और विवादों को हल करने में मदद मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### शीर्ष अदालत ने माना बाल विवाह नहीं

## 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया सही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को सही ठहराया है। उसे और उसके 30 वर्षीय पति को संरक्षण दिए जाने के हाई कोर्ट के फैसले को भी बरकरार रखा है।सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को भी फटकार लगाई है। आयोग ने इस लड़की की उम्र का हवाला देते हुए शादी पर सवाल उठाया था और इसे पॉस्को का उल्लंघन बताया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि अगर लड़की 15 साल की उम्र पार कर चुकी है तो मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार वह मनपसंद व्यक्ति से शादी कर सकती है। इससे बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉस्को) के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता। हाई कोर्ट ने आशियाना, उसके पति जावेद और उसके बच्चे को सुरक्षा दी थी ताकि पारिवारिक सदस्यों समेत धमकी देने वाले सभी लोगों से उनकी हिफाजत हो सके।



BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS **BREEZ INFRA**

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

**Global Heights 89, Sector 89, Gurugram**

**LICENCE NO. 85 OF 2021**

| Form No. | No. | Name |
|---|---|---|
| 51794 | T 8 - 703 | Syed Munis |
| 52382 | T 9 - 106 | Kartik |

नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

**Registered Office: P903-905, C Wing, 9th floor, JMD MEGAPOLIS, Sector-48, Sohna Road, Gurugram Ph: 0124 2659076 / 77 / 78**

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**

**सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक**

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन–देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 20.08.2025

**हम अपने कर्मचारियों को महत्व देते हैं।**
**हम अपने पेंशन प्राप्तकर्ता का ध्यान रखते हैं।**

**उत्तर रेलवे द्वारा पेंशन अदालत**

**का आयोजन 15 दिसम्बर 2025**

उत्तर रेलवे के अधीन सभी कार्यालयों जैसे प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली तथा सभी मंडल कार्यालयों पर पेंशन प्राप्तकर्ताओं के लिए पेंशन अदालत दिनांक **15 दिसम्बर 2025** को आयोजित की जायेगी।

**पेंशन अदालत के लिए अभ्यावेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – 31.10.2025 तक है।**

**पेंशनर**

- उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय से सेवानिवृत्त – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी–प्र0का0 / II को प्रेषित करें।
- मण्डल कार्यालय तथा म0रे0प्र0 के अधीन कार्यालय से सेवानिवृत्त – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित प्र0म0का0 अधि0 को प्रेषित करें।
- कारखाना से सेवानिवृत्त हुए हैं – पेंशन अदालत हेतु अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित मण्डल कार्यालय को प्रेषित करें।

**सेवानिवृत्त पेंशन प्राप्तकर्ता अपना अभ्यावेदन सम्बन्धित उप मु0का0अधि0 / प्र0का0 II / प्र0म0का0अधि0 / उप मु0का0अधि0 एवं प्र0का0अधि0 / कारखाना से पत्राचार करें तथा लिफाफे पर पेंशन अदालत–2025 अवश्य लिखें।**

**उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय के उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्र0का0) और वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारियों के पते नीचे दिए जा रहे हैं :–**

**उप मुख्य कार्मिक अधिकारी / प्र0का0–II**
उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली–110055

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेशन रोड, फिरोजपुर –182001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, त्रिकुटानगर, जम्मू – 180004

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे हज़रतगंज, लखनऊ–226001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे रेल विहार, अम्बाला कैन्ट–133001

**वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी**
मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे (रेलवे स्टेडियम के निकट), मुरादाबाद–244001

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2385/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति से दूर होगी भारत की चिंता

अधिकतर मौके पर भारत और चीन के संबंध तनावपूर्ण ही रहते हैं। लंबे अर्से से जारी सीमा विवाद के चलते चीन भारत के लिए भरोसेमंद नहीं है। लेकिन हाल में ट्रंप 2.0 काल में अमेरिका ने भारत से अदावत शुरू की तो चीन भारत के करीब आने लगा है। चीन को भारत की विशाल कंज्यूमर ताकत का एहसास है। एक समय भारत और अमेरिकी की गहरी होती बॉन्डिंग से चीन असहज महसूस कर रहा था, अब अमेरिका का एकतरफा भारत के खिलाफ शुरू किया गया दुश्मन सरीखा व्यवहार चीन को भारत से संबंध सुधारने का अवसर दे रहा है। अभी जब भारत डिजिटल, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो, ड्रोन समेत रक्षा उपकरण व सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो चीन ने इन उद्योगों में अनिवार्य उपयोगी रेयर अर्थ मेटल्स (दुर्लभ मृदा खनिजों) की आपूर्ति जुलाई से भारत को बंद कर दी। हालांकि भारत ने विकल्पों पर काम करना शुरू किया, लेकिन चीन के साथ भी वार्ता जारी रखी। भारत ने चीन को स्पष्ट संदेश दिया कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ठीक है, लेकिन भारत के विनिर्माण क्षेत्र के ग्रोथ को बाधित करने के लिए कच्चे माल को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना उचित नहीं है। अब भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े प्रतिबंधों में ढील देने पर सहमति जताई है। अगर चीन इस पर अमल करता है और भारत को रेयर अर्थ मेटल्स खासकर मैग्नेट की आपूर्ति की बाधाएं दूर करता है, तो नई दिल्ली की बड़ी चिंता दूर होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता में भारत की तीन प्रमुख चिंताओं को रखा और चीन ने इनका समाधान करने का वादा किया है। चीन भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को पूरा करेगा। दुर्लभ मृदा खनिजों को उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों, जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। वैश्विक दुर्लभ मृदा खनन में चीन का लगभग 70 प्रतिशत योगदान है। भारत व चीन अगर अपने संबंध सुधार कर सामान्य स्तर पर लाते हैं, जिसमें विश्वास बहाली हो, ट्रेड हो, तो ब्रिक्स के मजबूत होने के साथ एशिया के आर्थिक, व्यापारिक व सामरिक परिदृश्य बदल सकते हैं। पश्चिमी हथियार निर्माता लॉबियों की ओर से पैदा किए गए तनावों के चलते एशियाई देशों का बहुत अधिक पैसा अस्त्र-शस्त्र पर खर्च होता है, जिसकी बचत से विकास व गरीबी उन्मूलन में मदद मिल सकती है। भारत की रेयर अर्थ मेटल की करीब 85 फीसदी जरूरतें चीन से आयात पर निर्भर हैं। भारत में 69 लाख मीट्रिक टन का भंडार है, लेकिन उत्पादन क्षमता सीमित है। सरकार जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, झारखंड और कर्नाटक में रेयर अर्थ मेटल्स के भंडार की खोज को बढ़ावा दे रही है। विशाखापत्तनम में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट प्लांट लगाया है। 2030 तक भारत की मांग 7,000 टन से भी ज्यादा हो सकती है। नियोडिमियम-प्रसीओडिमियम (एनडीपीआर) ऑक्साइड और एनडीएफईबी मैग्नेट्स के लिए लंबे समय तक कीमतों की गारंटी देने, खनिज समृद्ध राज्यों में उत्पादन व शोध को बढ़ावा देने के लिए छोटे हब बनाने, इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड की प्रोडक्शन क्षमता बढ़ाने, एक राष्ट्रीय मैग्नेट भंडार बनाने व चीन के अलावा दूसरे देशों से आयात करने व वहां निवेश करने जैसे कदमों से दुर्लभ खनित के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। चीन से आयात जारी रहने पर भारत को समय मिल जाएगा।

# नए आर्थिक सुधार के ट्रैक पर भारत



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्थशास्त्रियों और शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक की और नये सुधारों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को बेअसर करने के लिए सरकार आर्थिक विकास में वृद्धि हेतु मिशन मोड में आ चुकी है। अब सरकार के मंत्रालयों ने अगले 100 दिनों में लिए जाने वाले संभावित बड़े आर्थिक फैसलों पर काम करना शुरू कर दिया है। इन फैसलों में चीन के साथ व्यापारिक रिश्तों को नरम करना, ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब की शुरुआत, चमड़ा उद्योग के लिए पर्यावरण नियम में छूट, स्टार्टअप को टैक्स में और छूट, तंबाकू व फार्मा व्यापारी के पंजीयन नवीनीकरण की समय सीमा को बढ़ाना और औद्योगिक मंजूरी के पोर्टल को और अपडेट करना शामिल है।

वित्त मंत्रालय भी अगले 100 दिनों में जीएसटी का नया वर्जन लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप टैरिफ की चुनौती के बीच भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले 11 साल में भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें स्थान से टॉप- 5 में पहुंच गया है और अब भारत टॉप-3 की ओर आगे बढ़ रहा है। यह गति भारत को रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म की भावना से मिली है। वस्तुतः भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का इकोसिस्टम, सबसे तेजी से बढ़ता बाजार और विनिर्माण व सेवा क्षेत्र की ऊंचाइयां दुनिया के देशों को भारत के साथ व्यापार-कारोबार बढ़ाने और एफटीए के लिए प्रेरित कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि एक ओर जब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में भारत के कड़े रुख से बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 31 जुलाई को भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बता दिया है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत दुनिया के विकास में 16 प्रतिशत का योगदान देता है और इसी वर्ष भारत दुनिया की चौथी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह भी उम्मीद की जा रही है कि भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक आर्थिक संगठन भारत के तेज विकास की रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) का नया आकलन जारी किया है। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है। आईएमएफ ने कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। वहीं, अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। इससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था किस रफ्तार से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक ने कहा है कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अनुमान लगाया है कि भारत की जीडीपी



2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ इसी तरह की राय दुनिया की तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों मूडीज, एसएंडपी और फिच ने भी जताई है। स्पष्ट है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति मजबूत है। निवेशकों का विश्वास बना हुआ है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। कई और महत्वपूर्ण आधार भारत की आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। महंगाई दर घटने से विकास को गति मिल रही है। लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में महंगाई के काफी नीचे आने के पीछे एक प्रमुख कारण अच्छा मानसून बेहतर कृषि उत्पादन भी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को चौथी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगें लगाकर आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह समय भारत के लिए एक ऐसा महत्वपूर्ण मोड़ है, जब अमेरिका के द्वारा अधिक टैरिफ लगाए जाने से भारत के लिए अमेरिका का बाजार सीमित हो रहा है, तब भारत एफटीए के माध्यम से निर्यात और विकास दर बढ़ाने के लिए नए बाजार खोलने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। स्थिति यह है कि दुनिया के कई देश भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के मद्देनजर भारत के साथ एफटीए के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। भारत अपने व्यापारिक गठबंधन मजबूत करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले माह 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं।

यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अब वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने के मद्देनजर सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। हम उम्मीद करें कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई आर्थिक घोषणाओं और ट्रंप टैरिफ से निर्मित आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर रणनीतिक प्रयासों से भारत विकास की डगर पर लगातार आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सुप्रीम चेतावनी

क्षमा शर्मा




# स्त्री-पुरुष संबंधों को बराबरी की दृष्टि से देखने की जरूरत

हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि शादी में रहते हुए किसी और से सम्बध बनाने के मामले में स्त्री भी अपराधी होती है। न्यायालय ने महिला को चेतावनी भी दी कि उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उसने पति के रहते हुए भी किसी और से शारीरिक सम्बंध बनाए। मामला यह था कि एक विवाहित स्त्री ने एक व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसके वकील का कहना था कि उक्त व्यक्ति ने उस महिला से शादी का झूठा वादा करके लम्बे अरसे तक शारीरिक सम्बंध बनाए। इसलिए उस आदमी की एंटीसिपेटरी बेल खारिज की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने महिला को डांटते हुए कहा कि आपको याद रखना चाहिए कि आप एक शादीशुदा महिला हैं। आप वयस्क भी हैं। आपके दो बच्चे हैं। ऐसे में पति के होते हुए भी इस तरह के व्यवहार का क्या परिणाम होता है, अच्छी तरह से जानती ही होंगी। आप उस व्यक्ति के बुलावे पर बार-बार होटल में गई ही क्यों। यह महिला 2016 में उस आदमी से सोशल मीडिया के जरिए मिली थी। तब से दोनों में सम्बंध थे। महिला ने अपने पति से तलाक मांगा। उसका कहना था कि इसके लिए उसके पुरुष मित्र ने ही दवाब बनाया था। इस वर्ष मार्च में परिवार अदालत में तलाक हो गया। इसके बाद जब महिला ने अपने पुरुष मित्र से विवाह के बारे में कहा, तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर बिहार में इस व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा कर दिया। पटना हाईकोर्ट ने उस व्यक्ति को एंटीसिपेटरी बेल दी थी। महिला इसी को खारिज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय तक आई थी। मगर उच्चतम न्यायालय ने भी उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया। महिला को डांटा भी। अरसे से अदालतें कह रही हैं कि दो वयस्कों के बीच शारीरिक सम्बंध दुष्कर्म नहीं होता है। बहुत बार देखा गया है कि जोड़े लिव इन में रहते हैं। बात नहीं बनी तो स्त्रियां दुष्कर्म का केस कर देती हैं। देखने की बात यह है कि जिन महिलाओं , बच्चियों को दुष्कर्म जैसे भयानक अपराध से गुजरना पड़ता है, उनमें से बहुत कम न्यायालय तक पहुंच पाती हैं। क्योंकि अपने देश में न्यायिक प्रक्रिया बहुत समय लेती है। कई साल पहले दुष्कर्म की शिकार एक चौदह साल की बच्ची ने एक बच्चे को जन्म दिया था। फिर कुछ दिनों बाद वह उस अपराधी के साथ ही रहने चली गई थी। उसने कहा था कि मेरे माता-पिता गरीब हैं। कब तक पुलिस और अदालतों के चक्कर काटूं। ऐसे में खुद को और अपने बच्चे को भूखा कैसे मरने दूं। कम से कम वह आदमी मुझे और मेरे बच्चे को रोटी तो देगा। निर्भया मामले में पूरे देश में उबाल आ गया था। प्रदर्शन और धरनों से देश हिल उठा। कठोर दुष्कर्म कानून की मांग हुई थी। नया कानून बना भी था, लेकिन कठोर कानून के बावजूद दुष्कर्म रुक नहीं सके। एनसीआरबी के अनुसार 2021 में पूरे देश में 31677 रेप केस दर्ज किए गए थे। इनमें से अधिकांश अपराध उन लोगों द्वारा किए गए थे, जो महिलाओं के परिचित या रिश्तेदार थे। तो क्या ये माना जाए कि इस तरह के कानूनों की जरूरत ही नहीं। यदि अपराध हैं, तो उनसे निपटने के लिए कानून भी होने चाहिए। इसके अलावा कानून तक हर एक की पहुंच होनी चाहिए, जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। कानूनी प्रक्रिया भी लम्बी नहीं होनी चाहिए साथ ही इसके लिए उन महिलाओं के लिए संसाधन जुटाने की जरूरत भी है, जो आर्थिक कारणों से इन तक नहीं पहुंच पातीं। यह बात भी सच है कि एक तरफ तो सताई गई स्त्रियां, किसी न किसी कारणवश कानून तक नहीं पहुंच पातीं, तो दूसरी तरफ साधन-सम्पन्न स्त्रियां बहुत बार कठोर कानूनों का दुरुपयोग करती हैं। ऐसी खबरें बार-बार आती हैं। जांच एजेंसियां भी कहती हैं कि बहुत से दुष्कर्म के मामले झूठे होते हैं। कई बार वे बदला लेने के लिए भी लगाए जाते हैं। जो कानून स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं, यदि उनका दुरुपयोग होगा तो निश्चय ही कानूनों में लोगों का भरोसा कम होगा। जिसने कोई अपराध नहीं किया है, यदि उसे अपराधी बनाया जाए, तो फिर कानून की विश्वसनीयता भी कम होती है। आज के समय में जब बड़ी संख्या में युवक-युवतियां घर से बाहर निकलते हैं, साथ काम करते हैं, उनमें मैत्री भी होती ही है। सम्बंध भी बनते हैं। बहुत से लिव इन में भी रहने लगते हैं। जब सम्बंधों में दरार आने लगती है, लड़के वादे से मुकर जाते हैं, या किसी और सम्बंध में चले जाते हैं, तब लड़कियां गुस्से में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देती हैं। इन दिनों शादीशुदा स्त्रियां भी दूसरे सम्बंधों में आ जाती हैं। कोई कह सकता है कि यदि पुरुष विवाहित होते हुए, दूसरी स्त्रियों से सम्बंध रखते हैं, तो स्त्रियां ऐसा क्यों नहीं कर सकतीं। सवाल यही है कि क्या स्त्रियां पुरुषों के इस व्यवहार को उचित मानती हैं। नहीं न, तो स्त्रियों का ऐसा व्यवहार भी उचित कैसे माना जा सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
**दर्शन**

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म्' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नकली बाबाओं के कृत्यों को छानना होगा

सभी धार्मिक संगठनों की पहल तो मृदु वचनों से ही होती है, जिनमें से कुछ तो पहले अज्ञानी लोगों को अपने ज्ञान-जाल में ऐसा फंसाते हैं, जहां से निकलने के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं। बहुत कुछ खोने के बाद जब उन्हें होश आता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। बाबाओं के मकडजाल से भोले-भाले लोगों को बचाना सरकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उनके प्रवचनों में न जाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच करना जनहित में होगा। लोगों को चालाक और चालबाज बाबाओं से सचेत रहते की जरूरत है। देशभर में कई ऐसे बाबा हैं, जिनके चेहरों से नकाब उतर चुका है। मीडिया को भी लोगों को जागरूक करना चाहिए।

*- गिरीश नायक, बागबहरा*

## ट्रेंड

### हवाईअड्डे का विकास



केन्द्रीय कैबिनेट ने आज 1507 करोड़ की लागत से कोटा-बूंदी (राजस्थान) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास को मंजूरी दी। इस महत्वपूर्ण निर्णय से कोटा सहित आसपास के क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, शिक्षा व रोजगार को भी बढ़ावा मिलने वाला है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



हिंदी साहित्य के युगप्रवर्तक रचनाकार, 'पद्म भूषण' हजारी प्रसाद द्विवेदी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि ! ज्ञान, गहराई और गरिमा से सिंचित आपकी रचनाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना की अमिट अभिव्यक्ति हैं। आपका चिंतन, आपकी शैली हिंदी साहित्य की कालजयी विरासत है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### बाढ़ प्रबंधन की तैयारियां



हमारी सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष बाढ़ प्रबंधन की तैयारियाँ छह महीने पहले ही शुरू कर दी गई थीं। ऑन ग्राउंड जाकर वास्तविक स्थिति का जायज़ा भी ले रहे हैं और त्वरित मदद भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### क़ानून-व्यवस्था ठप



दिल्ली के स्कूलों को बार-बार धमकियां मिलती हैं लेकिन आज तक न कोई पकड़ा गया है, न कोई कार्रवाई हुई है। बीजेपी से ना तो दिल्ली संभल रही है, ना ही दिल्ली की क़ानून-व्यवस्था।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# द. कोरिया और अमेरिकी सैन्य अभ्यास की किम ने की निंदा



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच जारी सैन्य अभ्यास की निंदा की साथ ही दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए देश की परमाणु ताकत को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किम ने यह बात परमाणु-सक्षम प्रणालियों से लैस सबसे उन्नत युद्धपोत का निरीक्षण करने के दौरान कही। किम जोंग उन ने सोमवार को ठीक उस समय पश्चिमी बंदरगाह नम्पो का दौरा किया जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' शुरू किया। दोनों देशों का यह अभ्यास परमाणु-हथियार संपन्न उत्तर कोरिया से उत्पन्न खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला करने की तैयारियों का हिस्सा है। यह 11 दिवसीय अभ्यास साल में दो बार होने वाले बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास में से दूसरा है। इसमें 21,000 सैनिक शामिल हैं, जिनमें 18,000 दक्षिण कोरियाई हैं और इसमें कंप्यूटर-आधारित कमांड पोस्ट संचालन तथा मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि यह अभ्यास रक्षात्मक है, लेकिन उत्तर कोरिया लंबे समय से इन्हें हमले की तैयारी बताता आया है और अक्सर ऐसे मौकों पर हथियार परीक्षण करता है।


## ऑफ बीट

# बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा



एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंत:शिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# कोहली के 17 साल, वनडे में ठोके 51 शतक, दर्ज हैं कई विराट रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 17 साल पूरे किए हैं। उन्होंने 18 अगस्त 2008 को श्रीलंका क्रिकेट टीम के पहला वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं और उन्होंने सिर्फ वनडे क्रिकेट में खेलना जारी रखा है। अपने बेमिसाल करियर में उन्होंने विश्व क्रिकेट के कई अहम रिकॉर्ड्स बनाए हैं।

## वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक शतक

कोहली वनडे में सबसे अधिक शतक जमाने वाले बल्लेबाज हैं। वनडे विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में अपने वनडे क्रिकेट करियर का 50वां शतक जमाया था। ऐसा कर उन्होंने पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (49) का रिकॉर्ड तोड़ा था। कोहली के नाम फिलहाल 51 वनडे शतक हैं। इन दोनों के बाद सूची में भारतीय कप्तान रोहित (32), ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (30), श्रीलंका के सनथ जयसूर्या (28) और दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला (27) हैं।

## वनडे में तीसरे सर्वाधिक रन

कोहली वनडे क्रिकेट में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 302 वनडे मैचों में 57.88 की औसत और 93.34 की स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बना चुके हैं। इस सूची में पहले नंबर पर तेंदुलकर हैं जिन्होंने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 463 मैचों में 44.83 की औसत से 18,426 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर श्रीलंका पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज संगाकारा हैं। उन्होंने 404 मैचों में 41.98 की औसत से 14,234 रन बनाए थे।



## टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान हैं कोहली

कोहली ने कप्तान के तौर पर 68 टेस्ट खेले, जिसमें 5,864 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 20 शतक और 18 अर्धशतक लगाए थे। कोहली के बाद दूसरे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं। धोनी ने भारत की कप्तानी करते हुए 40.64 की औसत से 3,454 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 5 शतक और 24 अर्धशतक लगाए थे।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 से अधिक रन

कुल मिलाकर कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी प्रारूपों में 27,599 रन बनाए हैं, जो केवल तेंदुलकर (34,357) और संगकारा (28,016) से पीछे हैं। कोहली के 82 अंतरराष्ट्रीय शतक तेंदुलकर (100) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा हैं। कोहली के नाम रिकॉर्ड 143 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक भी हैं। कोहली 3 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 8 या उससे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।

## भारत से चौथे सर्वाधिक टेस्ट रन वाले बल्लेबाज

कोहली ने अपने टेस्ट करियर का अंत 9,230 रन के साथ किया था। उन्होंने नाबाद 254 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 30 शतक और 31 अर्धशतक लगाए थे। वह टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज है। उनसे आगे सिर्फ तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) ही हैं।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी

कोहली ने अपने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज साल 2010 में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के खिलाफ किया था। उन्होंने अपने करियर में 125 मुकाबलों की 117 पारियों में 4,188 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक के अलावा 38 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122* रन का रहा है। वह रोहित शर्मा (4,231) और बाबर आजम (4,223) के बाद तीसरे सर्वाधिक रन वाले खिलाड़ी हैं।

## खबर संक्षेप



### इगा ने जीता सिनसिनाटी ओपन का खिताब

**सिनसिनाटी (अमेरिका)।** विश्व में तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने सातवें नंबर की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। स्वियातेक सिनसिनाटी ओपन में अपने पिछले छह मुकाबलों में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में एरीना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक मैच जीतकर अपने करियर का 24वां एकल खिताब हासिल करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़कर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया लेकिन स्वियातेक पहला सेट 56 मिनट में जीतने में सफल रही। स्वियातेक के मैच के आठवें ऐस ने उन्हें दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त दिला दी।

### शॉ ने बुची बाबू टूर्नामेंट में जड़ा शानदार शतक



**चेन्नई।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मंगलवार को चेन्नई में खेले जा रहे बुची बाबू टूर्नामेंट 2025 के पहले राउंड के दूसरे दिन महाराष्ट्र क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मुकाबले में शतक जड़कर दमदार वापसी की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 122 गेंदों में 14 चौके और 1 छक्के की मदद से शानदार शतक लगाया। बता दें कि शॉ ने घरेलू क्रिकेट के इस सत्र में मुंबई की जगह महाराष्ट्र से खेलने का फैसला किया था। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 252 रन बनाए थे। जवाब में महाराष्ट्र के लिए शॉ और सचिन धस (10) ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद टीम ने 15 रन के अंदर 4 विकेट गंवा दिए। रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान अंकित बावने भी सस्ते में आउट हो गए।

### सिंकफील्ड कपः प्रज्ञाननंदा ने गुकेश को हराया



**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इस 350,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा और अरोनियन के बाद छह खिलाड़ी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। गुकेश और अब्दुसत्तोरोव को अभी खाता खोलना है।

## एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से, 14 को पाकिस्तान से मुकाबला

# भारतीय टीम का ऐलान, सूर्य कप्तान, शुभमन उपकप्तान, बुमराह खेलेंगे, यशस्वी-अय्यर बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप के आगामी संस्करण की शुरुआत 9 सितंबर से होनी है, जिसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम का ऐलान किया है। टी-20 प्रारूप में होने वाले अगले संस्करण के लिए सूर्यकुमार यादव को टीम का कप्तान बनाया गया है। वह इस टूर्नामेंट के लिए फिट हो चुके हैं। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है। उनके साथ-साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम में चुने गए हैं। आइए भारत की टीम पर एक नजर डालते हैं।

### जायसवाल-अय्यर का नहीं हो सका चयन

यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर का टीम में चयन नहीं हुआ है। जायसवाल ने भारतीय टीम से 23 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 36.15 की औसत और 164.31 की स्ट्राइक रेट के साथ 723 रन बनाए थे। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए थे। अय्यर ने भारत की ओर से अब तक 51 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट के साथ 1.104 रन बनाए हैं।







ग्रुप-ए : भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है।

ग्रुप-बी : बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग की टीम है।



### भारत-पाकिस्तान में होगी भिड़ंत

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई क्रिकेट टीम के खिलाफ करेगा, जबकि बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 19 मैच खेले जाएंगे, जिनमें ग्रुप चरण के बाद सुपर-4 के 6 मुकाबले और फिर 28 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। सभी मुकाबले यूएई में ही खेले जाएंगे।

### एशिया कप के लिए ऐसी है भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, और जितेश शर्मा।

### ये खिलाड़ी हैं स्टैंडबाई में शामिल

प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। तेज गेंदबाज कृष्णा आईपीएल 2025 में पर्पल कैप हासिल करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 19.52 की औसत के साथ 15 मैचों में 25 विकेट लिए थे। वह इंग्लैंड दौरे पर भी टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का भी चयन नहीं हुआ है।

### धोनी की कप्तानी में भारत ने 1 बार जीता है एशिया कप



अब तक 2 एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेले गए हैं, जिसमें से 1 में भारतीय टीम विजेता बनी थी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2016 में खेले एशिया कप को भारत ने जीता था। खिताबी मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया था। इसके बाद 2022 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलते हुए भारतीय टीम सुपर-4 चरण से भी आगे नहीं बढ़ सकी थी।

## एशिया कप हॉकी

# पाक-ओमान नहीं, बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। टूर्नामेंट के शेड्यूल के अनुसार मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है।

मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। फाइनल, तीसरे स्थान का प्ले ऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा।

### पाक ने किया इनकार बांग्लादेश को मिली जगह

भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने आठ टीम के इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की जगह लेने के लिए पहले ही बांग्लादेश से संपर्क कर लिया था। यह टूर्नामेंट 2026 विश्व कप की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।

### बीएफआई चुनावः अजय को चुनौती देंगे जसलाल प्रधान

**नई दिल्ली।** ओलंपियन जसलाल प्रधान बृहस्पतिवार को होने वाले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये अजय सिंह को चुनौती देंगे जो लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं। अंतिम सूची के अनुसार उत्तराखंड प्रदेश ईकाई के सिंह का सामना सिक्किम अमैच्योर मुक्केबाजी संघ के प्रमुख प्रधान से होगा जिन्होंने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में लाइट वेल्टरवेट वर्ग में भाग लिया था। बीएफआई के पूर्व अध्यक्ष राजेश भंडारी फिर उपाध्यक्ष पद के लिये लड़ेंगे। महासचिव पद के लिये उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी के प्रमोद कुमार, बीएफआई के पूर्व कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह और दिल्ली के नीरज जैन दौड़ में हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिये तमिलनाडु के पोन भास्करन, पुडुच्चेरी के आर गोपू और ओडिशा के अनिल बोहिद्र मुकाबले में हैं।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर

# तन्वी, उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेजी से उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं। सुहांदिनाता कप (मिश्रित टीम चैंपियनशिप) छह से 11 अक्टूबर तक खेला जाएगा, जिसके बाद 13 से 19 अक्टूबर तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। देश ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं।





### भारतीय टीम इस प्रकार है

**लड़कों के एकल (अंडर19):** रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथजुआला एच, सूर्याक्ष रावत
**लड़कियों के एकल (अंडर 19):** तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुडा, रक्षिता श्री एस।
**लड़कों के युगल (अंडर19):** सुमिथ ए.आर./भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोबुरु, विष्णु केदार कोडे/मिथिलेश पी. कृष्णन
**लड़कियों के युगल (अंडर19):** वेन्नाला कलागोटला/रेशिका यू. गायत्री रावत/मनसा रावत, आन्या बिष्ट/एंजेल पुनेरा
**मिश्रित युगल (अंडर19):** भाव्या छाबड़ा/विशाखा टोप्पो, लालरामसंगा सी/तारिणी सूरी, विष्णु केदार कोडे/कीर्ति मनचला, वंश देव/डियांका वाल्डिया।

## हरमनप्रीत संभालेंगी टीम इंडिया की कमान प्रतिका को मिला स्थान, शेफाली को आराम

**कजाकिस्तान।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिलाओं के वनडे विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की है। अगले माह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले अगले विश्व कप संस्करण में हरमनप्रीत कौर ही भारतीय टीम की कमान संभालेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान की भूमिका में बरकरार रहेंगी। विश्व कप की टीम में शेफाली वर्मा को नहीं चुना गया है।

### ऑस्ट्रेलिया से 3 मैचों की वनडे सीरीज भी

बता दें कि विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को 14, 17 और 20 सितंबर को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। सलामी बल्लेबाज रहेंगी प्रतिका रावल शेफाली की जगह पर बेस्ट बल्लेबाज प्रतिका रावल को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में चुना गया है। प्रतिका ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने 14 वनडे मैचों में 54.08 की औसत से 703 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रही शेफाली आखिरी बार वनडे में अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली थी।


**कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज, झज्जर**
वेबसाइट : www.hartrans.gov.in

**निविदा सूचना**

गतिविधियों अर्थात 1. झाड़ू द्वारा बसों की सफाई। 2. ऑनलाइन प्रणाली अर्थात तकनीकी और वित्तीय बोली में वर्णित अनुसार हरियाणा रोडवेज, झज्जर डिपो की बसों की धुलाई, को किराये पर लेने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | मदों का नाम | अनुमानित मूल्य (प्रति वर्ष लाख में) | ईएमडी जमा की गई (रु. में) | निविदा सं. | बोली तैयारी और जमा की प्रारम्भ तिथि व समय | बोली तैयारी और जमा की अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. झाड़ू द्वारा बसों की सफाई, 2.बसों की धुलाई। | 10.00 | 50,000/- | 3040 दिनांक 19.08.2025 | 28.08.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से प्रारम्भ | 12.09.2025 अप. 15:00 बजे तक |

टिप्पणी :- विस्तृत जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट https://etenders.hry.nic.in/ पर पधारें।

हस्ता/- महाप्रबंधक, हरियाणा रोडवेज, झज्जर

पीआरडीएच-1119/11/709/2026/37842/88/6 दि. 19.08.25



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (ग्रुप-9) (जीएसटी के बिना) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में पलवल निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड पर चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम पृथला (आईडी 10734) आरडी 0.00 से 0.98 कि.मी., अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम बंचारी (आईडी 12553) आरडी 0.00 से 0.25 कि.मी., अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम अछेजा (आईडी 12554) आरडी 0.00 से 0.25 कि.मी. और अप्रोच रोड से स्पोर्ट्स स्टेडियम खेडला (आईडी 12555) आरडी 0.00 से 0.29 कि.मी. + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.08.2025 | 759.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (मुलाना निर्वाचन क्षेत्र) शाहाबाद-बराड़ा-काला आम्ब रोड से कसेरलान कलां (रोड आईडी 379) तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 18.08.2025 28.08.2025 | 56.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला हिसार रोड से नदियाली खेड़ा से खेड़ा मेतलान से रसुलपुर से एमएसएन रोड (रोड आईडी 140 जमा 113 जमा 120 जमा 74) (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 16.200) सम्पर्क सड़क का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) + 1 कार्य। | 14.08.2025 23.08.2025 | 826.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में वर्ष 2024-25 हेतु नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत एचपीएन रोड (सिंगार) से एचएनपीपी रोड (सौंध) वाया अंधोप खायका आरडी 0.00 से 10.40 कि.मी. (रोड आईडी 3390 और 3374) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सुधार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.08.2025 | 605.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | टोयोटा फॉर्चूनर वाहनों का बुलेट प्रूफिंग कार्य। | 20.08.2025 04.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | मल्टी लेयर्ड क्रॉस लैमीनेटेड टरपूलिंस। | 20.08.2025 03.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | एक्सपोर्ट स्कीम के लिए ट्रेड इंफ्रास्ट्रक्चर (टीआईईएस) के तहत गुणवत्ता विपणन केन्द्र, फरीदाबाद के अपग्रेडेशन हेतु विभिन्न मशीनरी की खरीद। | 20.08.2025 18.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव रामथाली में एसएचसी का निर्माण + 6 कार्य। | 14.08.2025 21.08.2025 | 326.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | मोहरी - गांव मोहरी में अम्बेडकर भवन का निर्माण, एसबीडी (एम) केकेआर। | 14.08.2025 01.09.2025 | 16.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव गोठरा मोहब्बताबाद ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एचआरडीएफ + 1 कार्य। | 18.08.2025 26.08.2025 | 71.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 11 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं हेतु सेक्टर-5, पंचकूला, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 19.08.2025 17.09.2025 | 1232 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 12 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं हेतु अम्बाला सिटी, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 19.08.2025 17.09.2025 | 1195 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 13 | बागवानी विभाग आईएचडीसी होडल, पलवल | वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में "आईएचडीसी", होडल (पलवल) में ड्रिप इरीगेशन सिस्टम की आपूर्ति व स्थापना हेतु ई-निविदा (गुड्स एंड सर्विसेज) की सार्वजनिक सूचना के सम्बन्ध में। | 21.08.2025 10.09.2025 | 7800/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 ddhihdchodal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/260/37831/I/88/6 दि. 19.08.25




## खबर संक्षेप



### सिएटल में पहली 'इंडिया डे परेड' का आयोजन

**सिएटल।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत सिएटल में पहली बार 'इंडिया डे परेड' आयोजित की गई। इस दौरान 28 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते 30 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए। हर स्टॉल पर संबंधित राज्य के एक जिला एक उत्पाद के तहत चुने गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, इन उत्पादों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया गया।

### गाजा में सीजफायर पर हमास सहमत

**तेल अवीव।** हमास ने गाजा में सीजफायर और इजराइली बंधकों की रिहाई के समझौते पर सहमति जताई है। अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के बाद यह प्रस्ताव अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने जून में पेश किया था।

### केरल हाईकोर्ट में बदबू की वजह से कार्यवाही स्थगित

**तिरुवनंतपुरम(भाषा)।** कोच्चि में मंगलवार सुबह केरल हाईकोर्ट में कार्यवाही बदबू की वजह से रोकनी पड़ी। ये बदबू अदालत की फॉल्स सीलिंग में घुसे सिवेट (जंगली जानवर) के पेशाब करने से आ रही थी। अदालत सूत्रों के मुताबिक, बदबू इतनी तेज थी कि मुख्य न्यायाधीश नितिन जमदार और जस्टिस बसंत बालाजी की डिवीजन बेंच ने सभी मामलों को स्थगित कर दिया। अदालत की कार्यवाही सिर्फ 20 मिनट चली और फिर कमरे को बंद कर दिया गया।



### आसाराम की अंतरिम जमानत 3 तक बढ़ाई

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम बापू की अस्थायी जमानत अवधि 3 सितंबर तक बढ़ा दी। आसाराम को 2013 के बलात्कार मामले में दोषी ठहराया गया था और गांधीनगर की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायमूर्ति इलेश और न्यायमूर्ति रावल की खंडपीठ ने अस्थायी जमानत अवधि मामले में सुनवाई तारीख तीन सितंबर तक बढ़ा दी।

## चीनी विदेश मंत्री भारत दौरे पर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से की मुलाकात

# सीमाएं शांत हैं, भारत-चीन संबंध अब और मजबूत हुए हैं : अजित डोभाल

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ महीनों में भारत-चीन संबंधों में सुधार आया है क्योंकि सीमा पर शांति बनी हुई है। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ सीमा पर तनाव कम करने और संबंधित मुद्दों पर बातचीत की। डोभाल और वांग ने विशेष प्रतिनिधि तंत्र के ढांचे के तहत 24वें दौर की वार्ता की, जिसके एक दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की थी।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय पक्ष ने सीमापार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद के मुद्दे को दृढ़ता से उठाया और याद दिलाया कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मूल उद्देश्यों में से एक आतंकवाद की बुराई का मुकाबला करना है। चीन में आयोजित होने जा रहे वार्षिक एससीओ शिखर सम्मेलन में एक पखवाड़े से भी कम समय बचा है। बयान में कहा गया कि जयशंकर ने यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र नदी) के निचले हिस्से में चीन द्वारा किए जा रहे एक विशाल बांध के निर्माण के संबंध में भारत की चिंताओं को भी रेखांकित किया, क्योंकि इसका निचले तटवर्ती राज्यों पर प्रभाव पड़ेगा। इसमें कहा गया कि इस संबंध में अत्यधिक पारदर्शिता की आवश्यकता को दृढ़ता से रेखांकित किया गया।

### ताइवान पर भारत के रुख में बदलाव नहीं आया : सूत्र



नई दिल्ली (भाषा)। ताइवान पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है और नई दिल्ली के ताइवान के साथ आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित रिश्ते हैं। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को जानकारी दी। यह स्पष्टीकरण ऐसे वक्त में आया है जब चीनी मीडिया में खबरें हैं कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात के दौरान यह पुनः पुष्टि की कि नई दिल्ली, ताइवान को चीन का हिस्सा मानता है। ऐसी जानकारी है कि जयशंकर ने वांग के साथ वार्ता में ताइवान मुद्दे पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की। ताइवान पर हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं है।"

### भारत-चीन संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहेः वांग यी

बीजिंग(भाषा)।चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि भारत-चीन संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। यी ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी के रूप में नहीं बल्कि साझेदार के रूप में देखना चाहिए। आधिकारिक मीडिया ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। खबर के अनुसार सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे वांग ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

बैठक में वांग ने जयशंकर से कहा कि चीन-भारत संबंध में सहयोग की ओर लौटने की दिशा में सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन और भारत के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के 75 साल पूरे हुए हैं और अतीत से सबक सीखा जा सकता है। उनका यह बयान पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद चार साल से अधिक समय में संबंधों में आई दरार की ओर स्पष्ट संकेत था। 'शिन्हुआ' ने बताया कि दोनों पक्षों के लिए सही रणनीतिक धारणा रखना, एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वी या खतरे के बजाय साझेदार और अवसर के रूप में देखना तथा विकास एवं पुनरुद्धार में अपने बहुमूल्य संसाधनों का निवेश करना अनिवार्य है।

दोनों देशों को प्रमुख पड़ोसी देशों के लिए आपसी सम्मान और विश्वास के साथ सह-अस्तित्व, साझा विकास और अनुकूल सहयोग हासिल करने के सही तरीके तलाशने चाहिए। वांग ने कहा कि चीन मैत्री, ईमानदारी, परस्पर लाभ और समावेशिता के सिद्धांतों को कायम रखने और भारत सहित पड़ोसी देशों के साथ मिलकर एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित, समृद्ध, खूबसूरत और मैत्रीपूर्ण क्षेत्र बनाने के लिए काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को भरोसा करना चाहिए, एक दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, बाधाओं को दूर करना चाहिए, सहयोग का विस्तार करना चाहिए।

### *अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर जयशंकर*

*नई दिल्ली (ब्यूरो)। यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ते दामों पर जारी तेल आयात से बिदके अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में बने हुए तनाव के मध्य विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार को रूस की तीन दिवसीय (19 से 21 अगस्त तक) आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत-रूस की दीर्घकालिक और समय की कसौटी पर परखी हुई विशेष और विशिष्ट सामरिक भागीदारी को भविष्य में और अधिक मजबूती प्रदान करना है। बता दें कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टेलीफोन पर हुई बातचीत के ठीक अगले दिन जयशंकर रूस की यात्रा पर निकल गए। दोनों शीर्ष नेताओं की इस वार्ता में पुतिन ने मोदी को उनकी अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ हुई पहली शिखर बैठक से अवगत कराया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन युद्ध का बातचीत-कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण समाधान निकालने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूती से दोहराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मॉस्को में जयशंकर की अपने रूस के समकक्ष विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।*



**आज भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 26वें सत्र की करेंगे सह-अध्यक्षता**

**रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी होगी मुलाकात**

## विदेश मंत्रालय ने उजागर की सच्चाई

# निमिषा मामले में सोशल मीडिया पर आर्थिक मदद मांगे जाने के दावे फर्जी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे उन दावों को मंगलवार को ''फर्जी'' बताकर खारिज किया जिनमें यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया से संबंधित मामले में सरकार द्वारा निर्दिष्ट बैंक खाते में 'मौद्रिक अंशदान' मांगने की बात कही गई है। मंत्रालय की तथ्य जांच टीम के 'एक्स' हैंडल - एमईए फैक्टचेक - ने एक 'एक्स' उपयोगकर्ता द्वारा किए गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी साझा किया जिसमें इस तरह के दावे किए गए हैं।

उन्नीस अगस्त को उपयोगकर्ता द्वारा किए गए पोस्ट में 'सेव निमिषा प्रिया' लिखा एक पोस्टर और कुछ 'बैंक लेनदेन' विवरण भी है। एमईए फैक्टचेक ने पोस्ट किया, ''हमने सोशल मीडिया पर निमिषा प्रिया मामले में भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट बैंक खाते में धन जमा करने की मांग के दावे देखे हैं। यह एक फर्जी दावा है।'' भारत ने एक अगस्त को कहा था कि वह निमिषा प्रिया के मामले में हरसंभव सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।




**यमनी युवक की हत्या में फांसी**

केरल निवासी नर्स को जुलाई 2017 में हुई यमनी नागरिक की हत्या की घटना का दोषी पाया गया है। निमिषा (38) की फांसी 16 जुलाई को निर्धारित की गई थी, लेकिन भारतीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। वह वर्तमान में यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हुती विद्रोहियों के नियंत्रण में है।

### ट्रंप ने शुरू की पुतिन-जेलेंस्की में बैठक की योजना

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए दोनों देशों के नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की के बीच आमने-सामने की बैठक की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साथ ही कहा कि अमेरिका यूरोपीय सुरक्षा गारंटी का समर्थन करेगा जिसका उद्देश्य वर्तमान संघर्ष समाप्त होने के बाद मॉस्को को अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर फिर से आक्रमण करने से रोकना है। हालांकि, सुरक्षा गारंटी और शांति वार्ता की योजना के संबंध में अभी विस्तार से उन्होंने कुछ नहीं बताया। 'व्हाइट हाउस' में ट्रंप, जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं के बीच सोमवार को एक लंबी बैठक हुई। इस बैठक के सामाप्त होने पर नेताओं ने उम्मीद जताई कि ट्रंप भीषण युद्ध को समाप्त कराने के चुनावी वादे को पूरा करने की दिशा में तेज गति से काम कर सकते हैं।



## अंतरिक्ष में 75 टन भार ले जाने के लिए

# 40 मंजिला ऊंचे रॉकेट पर काम कर रहा इसरो

**इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने दी जानकारी**

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने बताया कि इसरो 40 मंजिला ऊंची इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रहा है जो 75,000 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकेगा। उन्होंने कहा कि इस साल इसरो के पास एनएवीआईसी उपग्रह, एन1 रॉकेट और अमेरिकी संचार उपग्रह को लॉन्च करने की योजनाएं हैं। नारायणन ओस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। नारायणन ने पूछा- क्या आप जानते हैं कि पहले रॉकेट की क्षमता क्या थी? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने जो पहला लॉन्चर बनाया था, उसका वजन 17 टन था और यह 35 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकता था। आज हम 75 हजार किलोग्राम पेलोड भेजने वाला रॉकेट बना रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी।



नारायणन ने बताया कि इसरो इस साल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह और भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया सैन्य संचार उपग्रह जीसैट-7आर लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) उपग्रह की जगह लेगा।



**भारत के 55 उपग्रह अंतरिक्ष में सक्रिय**

नारायणन ने कहा कि फिलहाल भारत के 55 उपग्रह अंतरिक्ष में सक्रिय हैं और आने वाले तीन से चार वर्षों में यह संख्या तीन गुना बढ़ाई जाएगी। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने उन्हें भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनके अहम योगदान के लिए विज्ञान में डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी।

### आत्महत्या की पोस्ट पर 'मेटा' के अलर्ट के बाद पुलिस ने युवक बचाया

**कौशाम्बी (उप्र)(भाषा)।** कौशाम्बी जिले में 'इंस्टाग्राम' पर जहर खाकर आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट डालने वाले 20 वर्षीय युवक को पुलिस ने 'मेटा' से अलर्ट मिलने के बाद समय रहते बचा लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिपरी थाना अंतर्गत औधन गांव निवासी वेद कुमार पाल ने 18 अगस्त को एक वीडियो अपलोड किया था जिसमें जहर की एक शीशी दिखाई दे रही थी और शीर्षक लिखा था, आज रात मैं यह जहर पी लूंगा और मेरी कहानी यहीं खत्म होगी। 'मेटा' ने इस पोस्ट को 'फ्लैग' किया और वीडियो, मोबाइल नंबर और लोकेशन की जानकारी लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के साथ साझा की। इसके बाद यह जानकारी कौशाम्बी पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ को दी गई, जिसने पिपरी थाने को सूचित किया। 'मेटा' सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' व 'फेसबुक' की मूल कंपनी है।

## आईसीएमआर अध्ययन को डब्ल्यूएचओ ने दी वैश्विक मान्यता

# भोजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति टीबी बीमारी रोकने में बेहद असरदार

**2800 टीबी मरीजों और उनके परिवारों पर की स्टडी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की एक अहम अध्ययन ने यह साबित किया है कि बेहतर पोषण टीबी (क्षयरोग) मरीजों और उनके परिवारों पर सकारात्मक असर डालती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अध्ययन को सराहते हुए इसे टीबी नियंत्रण गाइडलाइन में शामिल कर लिया है। यह उपलब्धि भारत के लिए वैश्विक स्वास्थ्य नीति में महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है। आईसीएमआर ने यह अध्ययन झारखंड के चार जिलों में किया था। इसमें राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की 28 यूनिट्स से जुड़े 2800 टीबी मरीजों और उनके परिवारों को शामिल किया गया।

### 6 माह तक प्रतिदिन प्रोटीन दिया

शोध में बताया गया कि दोनों समूहों के टीबी मरीजों को 6 महीने तक प्रतिदिन 1200 किलो कैलोरी और 52 ग्राम प्रोटीन के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व दिए गए। लेकिन हस्तक्षेप (इंटरवेंशन) समूह में उनके परिवारों को भी हर महीने 750 किलो कैलोरी और 23 ग्राम प्रोटीन के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान किए गए। वहीं नियंत्रण समूह में केवल रोगियों को ही यह आहार मिला। सभी प्रतिभागियों की बीमारी की शुरुआत में जांच की गई और इसके बाद 31 जुलाई 2022 तक उन्हें फॉलो-अप किया गया।



### *अध्ययन दुनिया का पहला रैंडमाइज्ड ट्रायल*

*आईसीएआर का यह अध्ययन दुनिया का पहला रैंडमाइज्ड ट्रायल है जिसने यह दिखाया कि पोषण समर्थन से घर-परिवार के अन्य लोगों में टीबी संक्रमण के मामलों में 39-48 प्रतिशत तक की कमी आई। यह शोध 2 साल तक फॉलो-अप के बाद किया गया और यह साबित हुआ कि भोजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति टीबी जैसी संक्रामक बीमारी को रोकने में बेहद असरदार हो सकती है। आईसीएमआर के मुताबिक, भारत में टीबी और कुपोषण दोनों गंभीर चुनौतियां हैं और दोनों का एक साथ असर बीमारी को और बढ़ाता है। इसी संदर्भ में यह अध्ययन किया गया कि पोषण सहायता का टीबी के संक्रमण पर क्या असर पड़ता है।*

# गुयाना में 'कृत्रिम अंग कैंप' का भारत ने किया आयोजन

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कैरिबियाई क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए पीएम मोदी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, भारत सरकार ने इस क्षेत्र में कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने का वादा पूरा किया है। भारतीय कंपनी 'कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड' ने गुयाना के स्वास्थ्य मंत्रालय और कैरिबियन समुदाय (कैरिकॉम) सचिवालय के सहयोग से सोमवार (स्थानीय समयानुसार) गुयाना की राजधानी जॉर्ज टाउन स्थित टॉलेमी रीड रिहैबिलिटेशन सेंटर में कृत्रिम अंग दान और फिटमेंट कैंप का शुभारंभ किया। जॉर्जटाउन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा समर्थित यह पहल कैरिबियन क्षेत्र में भारत-गुयाना मैत्री और जन-केंद्रित कूटनीति का प्रमाण है।



# चीन में हुआ रोबोट ओलंपिक, रोबोट बने मुक्केबाज, पहलवान और धावक

**ब्रीजिंग(एजेंसी)।** चीन पूरी दुनिया में अपनी टेक्नोलॉजी और अनोखे कामों के लिए जाना जाता है। इस कड़ी में चीन में द वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स का आयोजन हुआ। जिसमें 16 देशों की 280 टीमों ने हिस्सा लिया। इस इवेंट में करीब 500 रोबोट्स ने टेबल टेनिस, फुटबॉल, बॉक्सिंग और एथलैटिक्स के कई गेम्स खेले जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी जुटे। वहीं ये आयोजन करीब 4दिन चला और रविवार को इसका समापन हुआ। दरअसल, दुनिया भर में रोबोट्स और आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस को लेकर उत्सुकता है। तेजी से रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और एआई का विकास हो रहा है। वहीं चीन ने इस मामले में भी छलांग लगाते हुए दुनिया को अचरज में डाल दिया है। चीन में हुए इस रोबोट ओलंपिक्स ने पूरी दुनिया को रोमांचित किया है। इस आयोजन को ह्यूमनॉयड रोबोट गेम्स नाम दिया गया है, जिसे रोबोट ओलंपिक्स भी कहा जा रहा है। अक्सर फुटबॉल मैदान पर दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डो, मेसी, बेकहम जैसे खिलाड़ियों को गोल करते हुए देखा गया है। लेकिन इस बार चीन में रोबोट्स ने भी फुटबॉल मैच खेला। इस दौरान इनके दांव देखने वालों की भीड़ जमकर तालियां बजाती दिखीं।

## मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी की, सभी सरकारी कार्यालय बंद, निजी कर्मियों को घर से काम करने की अपील

# मुंबई में बारिश-ज्यादा भीड़ से ट्रैक पर अटकी मोनोरेल:विंडो तोड़कर 500 यात्री निकाले,14 ट्रेन रद्द व 250 फ्लाइट्स लेट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार दो दिन से तेज बारिश हो रही है। मंगलवार को मुंबई के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात रहे। जगह-जगह पानी भर गया। रेल, बस, हवाई सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। मोनोरेल सर्विस पर भी असर पड़ा। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरेल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई। ट्रेन में मौजूद 500 से ज्यादा यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। इसके अलावा सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें रद्द कर दी। 250 से ज्यादा फ्लाइट देरी से उड़ीं। लोकल ट्रेन सर्विस भी प्रभावित है।



### दो दिन में 14 लोगों की जान चली गई

महाराष्ट्र में बीते दो दिन से जारी बारिश से जुड़ी घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से 8 नांदेड़ से थे। अगले 48 घंटे मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में रेड अलर्ट है। वहीं गढ़चिरौली जिले में उफनती नदी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। उधर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने अपने ट्वीट में कहा- मुंबई में चेंबूर और भक्ति पार्क के बीच एक मोनोरेल तकनीकी कारणों से फंस गई। घटना के कारणों की जांच की जाएगी। फायर ब्रिगेड और नगर निगम समेत सभी एजेंसियां मौके पर हैं। चिंता या घबराने की जरूरत नहीं है। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा।

### मौसम विज्ञान विभाग का रेड अलर्ट जारी

मुंबई। मौसम विभाग द्वारा जारी अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर मुंबई में मंगलवार को सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने यह जानकारी दी। बीएमसी ने मुंबई के सभी निजी प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे अपने कर्मचारियों को घर से काम करने दें। बीएमसी ने मंगलवार सुबह एक बयान में मुंबई और उपनगरों में लगातार हो रही भारी बारिश तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी 'रेड अलर्ट' के मद्देनजर एहतियात के तौर पर सभी सरकारी और अर्द्ध-सरकारी कार्यालयों को बंद करने की घोषणा की।

### हिमाचलः चौहारघाटी में तबाही, लगघाटी में फटा बादल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बरसात का कहर लगातार जारी है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें बंद हैं। कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। भारी बारिश से राजधानी शिमला में भी कई जगह भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। शिमला शहर के बैनमोर वार्ड के राजभवन क्षेत्र में देर रात भारी भूस्खलन के चलते सड़क ठप हो गई। इस भूस्खलन में फंसे 40 से ज्यादा लोगों को प्रशासन ने रात के समय ही सुरक्षित निकाल कर दूसरे स्थानों में शिफ्ट कर दिया था।



**किश्तवाड़ बादल हादसा**

### एक महिला का शव बरामद मृतकों की संख्या 64 हुई

**चिशोती (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चिशोती गांव में बादल फटने की घटना के बाद से संचालित बचाव एवं राहत अभियान के छठे दिन एक महिला का शव बरामद किया गया जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 64 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार के बाद तेज किए गए तलाश अभियान के बीच सुबह बचावकर्मियों ने क्षतविक्षत शव बरामद किया। बचाव दल कई स्थानों पर, खासकर लंगर स्थल के पास सबसे ज्यादा प्रभावित जगह पर जेसीबी जैसी भारी मशीनों और खोजी कुत्तों की मदद से तलाश कर रहे हैं। मचैल माता मंदिर के मार्ग में वाहन से पहुंचने योग्य गांव चिशोती में 14 अगस्त को बादल फटने से आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या एक और शव मिलने के बाद 64 हो गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25